the amounts spent on certain services for the purposes of Railways during the financial year ended on the 31st day of March, 1975, in excess of the amounts granted for those services and for that year.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services for the purposes of Railways during the financial year ended on the 31st day of March 1975, in excess of the amounts granted for those services and for that year".

*The motion was adopted.*

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: I introduce† the Bill.

I beg to move†:

"That the Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services for the purposes of Railways during the financial year ended on the 31st day of March, 1975 in excess of the amounts granted for those services and for that year, be taken into consideration".

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services for the purposes of Railways during the financial year ended on the 31st day of March, 1975, in excess of the amounts granted for those services and for that year, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 and 3, the Schedule, Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: I beg to move:

"That the Bill be passed".

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is.

"That the Bill be passed".

*The motion was adopted.*

## SUPPLEMENTARY DEMANDS* FOR GRANTS (GENERAL), 1976-77

MR DEPUTY-SPEAKER: We now take up discussion on the Supplementary Demands for Grants in respect of the Budget (General) for 1976-77.

Motion moved:

"That the respective Supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated

†Introduced/moved with the recommendation of the President.

*Moved with the recommendation of the President.

[Mr. Deputy Speaker]

Fund of India to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1977 in respect of the following Demands entered in the second column thereof—

Demands Nos. 2, 41, 48, 61, 72, 83, 93, 94, and 96".

*Supplementary Demands for Grants (General), 1976-77*

| No. of Demand | Name of Demand | Amount of Demand for Grant submitted to the vote of the House | |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | |
| | | Revenue Rs. | Capital Rs. |
| | MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION | | |
| 2. | Agriculture . . . . . . | 3,75,00,000 | |
| | DEPARTMENT OF REVENUE AND BANKING | | |
| 41 | Department of Revenue and Banking . . . | 6,00,000 | .. |
| | MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING | | |
| 48 | Family Planning . . . . . . . . | 48,00,00,000 | |
| | MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES | | |
| 61 | Industries . . . . . . . . | | 5,00,000 |
| | MINISTRY OF PETROLEUM | | |
| 72 | Petroleum and Patro-chemicals Industries. | | 55,15,51,000 |
| | MINISTRY OF STEEL AND MINES | | |
| 83 | Department of Steel, . . . . . | .. | 1,000 |
| | MINISTRY OF WORKS AND HOUSING | | |
| 93 | Ministry of Works and Housing . . . . | 43,12,000 | .. |
| 94 | Public Works . . . . . . . | 27,25,000 | .. |
| 96 | Housing and Urban Development . . . . | 2,11,000 | .. |

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are some cut motions, and hon. Members who want to move them may do so.

PROF. S. L. SAKSENA (Maharajganj): I beg to move:

"That the Demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 48,00,00,000 in respect of 'Family Planning' be reduced by Rs. 100."

[Anti-national population policy and large scale forcible sterilisations and tubectomies all over the country and stoppage of monthly salaries and other benefits to Government employees, teachers and others for months. (1)]

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Tellicherry): I beg to move:

"That the Demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 48,00,00,000 in respect of 'Family Planning' be reduced by Rs. 100."

[Failure to take action against officials responsible for harassment and compulsion in matter of sterlisation operations who have acted contrary to policy enunciated by Prime Minister of persuasion and motivation. (2)]

"That the Demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 48,00,00,000 in respect of 'Family Planning' be reduced by Rs. 100."

[Failure to take steps to ensure hyginic and effective methods for sterlisation operations resulting in deaths and permanent disability. (3)]

"That the Demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 48, 00, 00, 000 in respect of 'Family Planning' be reduced by Rs. 100."

[Failure to take steps against those officials and personnel responsible for sub-standard conditions for performing sterlisation operations. (4)]

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 5,00,000 in respect of 'Industries' be reduced by Rs. 100."

[Need to take over closed units in engineering in West Bengal and Tamil Nadu. (5)]

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 1,000 in respect of 'Department of Steel' be reduced by Rs.100."

[Need to entrust the contract for loading steel at Kakinada Port to labour Co-operative societies. (6)]

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): Sir, I do not oppose this demand for supplementary grants. That is my introductory remark, but I am astonished to find that out of Rs. 193.99 crores, Rs. 48 crores have been demanded for family planning. There has been enough discussion in this House regarding this subject and, every time, we were assured by the Government that there will be no forced sterilization or that no forcible methods will be adopted in this matter.

During this period, not only in a particular place but throughout the country, people, in general, have got the impression that force is being applied for this purpose and in some cases it has even exceeded the limit. In the last session, in this House, some of the hon. Members referred to a circular issued by the Delhi Administration, wherein so many measures were prescribed even for a temporary appointment. A poor worker had to produce a certificate of sterlization, otherwise he would not get any employment either on a temporary basis or on a permanent basis.

Irwin Hospital is run by Delhi Administration. If a person is a victim of any accident and requires immediate treatment and hospitalization, he will not be attended to there, unless he produces a certificate of sterlization. A number of cases have been brought to the notice of the Health Minister and the Home Minister, but they always take the plea that these orders have been issued by the Delhi Administration, not the Government of India.

This is not happening only in Delhi, but in other places like Haryana, Uttar Pradesh, West Bengal etc. There is a fear psychosis in the ordinary people. The rickshaw-pullers, tongawalas, and ordinary workers are afraid that they will be caught hold of and taken to the hospitals or some other place for steriliza-

[Shri Denen Bhattacharyya]

tion. They sometimes leave their place of residence. This is happening in Delhi even.

I am dealing with this aspect because of the reason that the Government have always been advocating that they have brought discipline in the country. This is how the poor people are being forced to undergo this stringent measure, which cannot be supported in any respect.

Very recently something happened in Muzaffarnagar, a place in UP where it was reported, some massacre took place. Some MPs wanted to visit that place but they were not allowed and prohibitory orders were issued. They were not allowed by the District Magistrate to visit that place and these seven MPs were asked to leave the place instantly. I do not know why. Had they been there, at least they could have witnessed the incident about which there was a great rumour. Somebody was saying that several hundreds were killed. Actually according to sources close to the government also, at least sixty persons were killed there by the police because the people there refused to succemb or surrender to the forces that were applied against the people in general there.

You will be astonished that teaothers are given a quota that they have to bring 2-3 cases. If they fail, they will not get their salary. It has been reported in the consultative Committee meeting of the Health Ministry that hundreds of teachers did not attend the schools and colleges and schools and colleges could not function in so many places. One hon. Member from UP, Shri B. R. Shukla who is also a member of the governing body of an institution was attending the Consultative Committee and on the face of the Minister he told him that it is a fact that the teachers are afraid to attend to their duties or report for duty in schools and colleges because forces are being applied on them not only for their personal and individual sterilisation but they have to bring some people and if they fail, they will be penalised. That is why they refuse to attend the classes and the colleges and schools could not function.

Even some ruling Party Members, some MPs and Metropolitan Council Members have given representation to the government here in Delhi as to how the situation in Delhi is going out of control. The ordinary shopkeepers and ordinary people are being asked to donate a large amount of money for conducting these Family Plannng camps, which were organised in so many places. My point is very clear that this type of forcible sterilization and vasectomy is a criminal offence on the part of the Government. The Government must be in a position to explain their conduct to the people. Nobody is against family planning or that there should be small families. Why has force been applied in Delhi, Uttar Pradesh and West Bengal? West Bengal has exceeded their quota in sterilization given to them by the Central Government. Out of the persons sterilized 80 per cent have two issues. Those who have got two issues and have got themselves sterilized will get Rs. 105/- each. This is absurd. The figure of such persons has been given as six lakhs. Not only, in this way, force is applied but money is also being looted. There is corruption in many places. Such a state of affairs exists in almost all the places. I am against it.

Some money has been asked for Burn, Standard Wagon Co. and Braithwaites. They were taken over in 1971. In August 1976 they have been nationalised.

**15.30 hrs.**

[SHRI C. M. STEPHEN *in the Chair*]

Howrah Burns manufacture wagons. Railways are the main customer. If the prices of the wagons are not revised, this Company will not come

to a viable position. You cannot fulfil your ideas, which you have not been able to do during the last four or five years, until and unless you revise the rate of the main product.

Production has gone up. But the employees have not been given bonus this year. Braithwaite's representatives have come to present their Memorandum to the Minister for Industries. I appeal to the hon. lady Minister here at least to see that where the production has gone up, where the workers have done their duty, the workers should get their bonus, their bonus should not be denied. That is my point. After all, you are not increasing their wages. This is my point which should be taken note of. There are many other points which I had in mind, but because of lack of time, I could not deal with them.

**श्रीमती मुकुल बनर्जी** ( नई दिल्ली) : सभापति महोदय, समझ में नहीं आता है कि श्री दीनेन भट्टाचार्य इन डिमांड्ज में परिवार नियोजन के लिये 48 करोड़ रुपये रखे जाने का क्यों विरोध कर रहे हैं। क्या उनको यह बात मालूम नहीं है कि परिवार नियोजन के कार्यक्रम की सफलता के बिना हमारा देश बच नहीं सकता है? ये लोग चीन की ओर देखते हैं, और उसको अपना लीडर कहते हैं। मैं उनको बताना चाहती हूं कि जब दक्षिणी चीन में दुर्भिक्ष पड़ता था, तो भूख से पीड़ित होने के कारण एक स्त्री ने दूसरी स्त्री से कहा कि मैं अपना बच्चा तो खा नहीं सकती हूं, इसलिये मेरा बच्चा तुम खा लो और तुम्हारा बच्चा मैं खा लेती हूं, और इस प्रकार हम दोनों भूख-निवारण कर लेंगी। दो साल पहले जब उड़ीसा में सूखी पड़ा था, तो कई मां-बाप ने अपने बच्चों को छोड़ दिया था।

कोई व्यक्ति कह सकता है कि मेरे पास पैसा है, इसलिये अगर मेरे ज्यादा बच्चे हों, तो कोई हानि नहीं है। उस व्यक्ति के पास पैसा हो सकता है, मगर उसके बच्चों का खाना तो देश का खाना है, कपड़े तो देश के पहनने हैं। अगर हमारे देश में खाने और कपड़े का उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ जाये, मगर जनसंख्या 80 प्रतिशत बढ जाये, तो देश कैसे प्रगति कर सकता है?

माननीय सदस्य ने दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन और इर्विन अस्पताल के बारे में कहा है। मेरी बहन एक टीचर हैं। वह एक लेडी को आपरेशन के लिए ले गई। अस्पताल के डाक्टर ने कहा कि उसके पेट में दर्द है, इसलिये उसका आपरेशन नहीं हो सकता है और उस लेडी को वापिस भेज दिया।

यह कहना गलत है कि जबर्दस्ती हो रही है। कोई जबर्दस्ती नहीं हो रही है। दो चार जगह जो ऐसी घटनायें हुई हैं, वे जनसंघ, आर० एस०एस० आदि के लोगों के कारण हो रही हैं, जो पहले से सरकार में घुसे हुये हैं। वे लोग यह चार-सौ-बीसी कर रहे हैं। वे लोग जबर्दस्ती करते हैं।

माननीय सदस्य ने दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन के सर्कुलर की बात कही है। डायरेक्टर आफ एजुकेशन ने ऐसा कोई सर्कुलर नहीं भेजा है। किसी दूसरे अफसर ने इन लोगों से पैसा खा कर लोगों को बहकाने लिये ऐसा सर्कुलर भेजा होगा।

एक आपोजीशन के लीडर ने मुझ बताया था कि मुजफ्फर नगर में 40 आदमी मर गये। आज कहा जा रहा है कि 60 आदमी मारे गये। कल उनकी संख्या 6,000 और परसों 6,00,000 हो जाएगी। इस तरह की बातों को बढ़ा-चढ़ा कर बताया जाता है। जो लोग सरकार के खिलाफ हैं, फैमिली प्लानिंग के खिलाफ हैं और देश के दुश्मन हैं, वही इस प्रकार का प्रचार कर रहे हैं।

[श्रीमती मुकुल बनर्जी]

परिवार नियोजन का काम बहुत पहले से किया जा रहा है। हमारे नवयुवक नेता के आने के बाद उसका काम ज्यादा जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है : एक दूसरे प्राविंस के एक डी० सी० ने मुझे बताया कि महिलायें उनको धन्यवाद देती हैं और कहती हैं कि अच्छा हुआ कि उनके पतियों ने वैसकटोमी करवाया है।

यह जो मुसलमान के बारे में बोलते हैं, मुस्लिम लीडर्स ने सबने यह कह दिया है कि कुरान में यह बात नहीं हैं। मगर जो यह दंगे फिसाद कराना चाहते हैं, जो फिरका-परस्ती कराना चाहते हैं, जो देश के दुश्मन हैं, वे ऐसा कर रहे हैं। बाहर से सबने देख लिया कि हमारा देश हार नहीं सकता है, हमारा देश जीतता है, आगे जाता है तो उन लोगों ने भीतर से कोशिश करना शुरू कर दिया। और यह परिवार नियोजन जो बुनियादी चीज है उसके खिलाफ बोल कर ये लोग देश के साथ दुश्मनी कर रहे हैं। यह तो खाने का सवाल है। आज नहीं साठ साल बाद इस रफ्तार से बच्चे बढ़ते रहे तो किसी के लिये पूरा खाना नहीं रहेगा और उस वक्त एक दूसरे को काट कर खाने के अलावा कोई दूसरा तरीका नहीं रहेगा। इसलिये हम लोग जो देश के बनाने वाले हैं, हम लोगों की दूर दृष्टि होनी चाहिये देश की भलाई के लिये। मुझे बहुत खुशी है कि 48 करोड़ रुपया इसके लिये रखा जा रहा है। मैं इसको बहुत सपोर्ट करती हूं, और भी ज्यादा होता तो अच्छा था। लेकिन फिर भी इतना जो दिया है इसके लिए मैं धन्यवाद देती हूं।

**डा० रुद्र प्रताप सिंह** (बाराबंकी) : सभापति महोदय, आपका मैं हृदय से आभारी हूं कि जो आपने मुझको 1976-77 के अनुदानों की पूरक मांगों पर अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया। मैं इसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। चूंकि समय कम है इस कारण मैं अपने विचार केवल परिवार नियोजन तक ही सीमित रखना चाहता हूं।

माननीय सदन इस बात से सहमत होगा कि हमारे देश की समस्त समस्याओं में से परिवार नियोजन की समस्या एक गम्भीर समस्या है और जब सब से गम्भीर समस्या है तो उस समस्या का निराकरण भी हमें गम्भीरतापूर्वक निकालना होगा। परिवार नियोजन के लिये इस बात की आवश्यकता है कि देश में आज उसके लिये एक वातावरण बने। माननीय सदन को इस बात का ज्ञान है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और हमारे युवा नेता श्री संजय-गांधी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस परिवार नियोजन के पक्ष में देश भर में वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है। मैंने अपने क्षेत्र की क्षेत्र समितियों में जा कर परिवार नियोजन के सम्बन्ध में 20 सभायें कीं और उसमें जो हमें अनुभव प्राप्त हुआ उस में सदन के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं। परिवार नियोजन के सम्बन्ध में तीन प्रकार के प्रश्न उठते हैं— एक आर्थिक, दूसरा शारीरिक पक्ष और तीसरा है धार्मिक पक्ष। जहां तक आर्थिक पक्ष का प्रश्न है उसके सम्बन्ध में जिनके पास सम्पत्ति है वे ऐसा सोचते हैं कि जब हमारे पास में पर्याप्त सम्पत्ति है तो हमें नसबन्दी कराने की आवश्यकता क्या है? जो मजदूर हैं वह भी समझते हैं कि जितने घर में उनके मजदूर होंगे उतनी उनकी आय अधिक होगी। मैंने उन दोनों को बताया कि जिनके पास में सम्पत्ति होगी अगर उनके दो बच्चे होंगे तो वे उस सम्पत्ति का अधिक भोग कर सकेंगे और जो मजदूर हैं उनको मैंने बताया कि मजदूरों की संख्या अगर देश में बढ गई तो

अर्थ शास्त्र की मांग और पूर्ति का सिद्धान्त लागू होगा। उसका परिणाम यह होगा कि अगर पूर्ति अधिक हो गई मजदूरों की तो उनकी मांग गिर जाएगी। और अगर मांग गिर जाएगी तो उनकी दरें गिर जायेंगी। इस बात का उन पर प्रभाव पड़ा है और मजदूरों ने इस बात को समझा है कि अगर देश में मजदूरों की संख्या बढ जाएगी तो उनकी मजदूरी गिर जाएगी। यह अर्थ-शास्त्र का सिद्धान्त है। भारत की महान जनता इस बात को समझ रही है।

जहां तक शारीरिक पक्ष की बात है, मैंने अपने क्षेत्र के लोगों को बताया कि मैंने अपनी स्वयं की नसबन्दी 31 अगस्त, 1967 को करवाई है। मैंने लोगों को बताया कि नसबन्दी कराने का कोई प्रतिकूल प्रभाव किसी प्रकार का उस व्यक्ति के पौरुष पर नहीं पड़ता है। इतना ही नहीं, इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि योग और भोग दोनों साथ नहीं चल सकते हैं, नसबन्दी करवाने के पश्चात् वास्तव में ऐसे संयम की आवश्यकता नहीं रह जाती है और दांपत्य जीवन का जो सुख है वह नसबन्दी के पश्चात् जितना प्राप्त होता है, नसबन्दी के पूर्व कदापि प्राप्त नहीं हो सकता।

जहां तक धार्मिक पक्ष की बात है, मैंने अपने क्षेत्र के लोगों से कहा कि जब हिन्दू, मुस्लिम, सिख तथा सभी धर्मों के लोग इस बात को मानते हैं कि संसार में जो कुछ भी होता है वह ईश्वर की इच्छा से होता है तो वे इस बात को भी स्वीकार करेंगे कि जो नसबन्दी आज भारत तथा दुनिया के अन्य तमाम देशों में हो रही है वह भी ईश्वर की इच्छा से ही हो रही है। इस बात को भी सभी लोगों ने स्वीकार किया।

श्रीमन्, हमारे देश की जो जनता है उसकी अशिक्षा, उसके अज्ञान, उसके अभाव का, इस देश में यथास्थितिवादी, प्रतिक्रियावादी तथा साम्प्रदायिक शक्तियों ने अनुचित लाभ उठाने की चेष्टा की है। इस प्रश्न को भी वे इस प्रकार का रंग देने की कोशिश कर रही हैं लेकिन भारत की महान जनता को श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में अटूट विश्वास है। देश में नसबन्दी और परिवार नियोजन के पक्ष में जो वातावरण बन रहा है उसको प्रतिक्रियावादी और दक्षिणपंथी शक्तियां अपने निहित स्वार्थ के लिए नष्ट करना चाहती हैं। मैं अन्त में एक शेर पढ़कर समाप्त कर रहा हूं :

काम करते हैं जो दुनिया में सियाह,
उनकी रहती है अंधेरी जिन्दगी।

इन शब्दों के साथ मैं परिवार नियोजन के अनुदान की मांगों का और पूरे बजट की जो मांगें प्रस्तुत की गई हैं उनका हृदय से समर्थन करता हूं।

**श्री सरजू पांडे** (गाजीपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले मांग नं० २ के बारे में कहना चाहता हूं जिसमें 5 करोड़ की मांग की गई है। यह धन उन किसानों को देने के लिए है जिनमें जमीन का बटवारा हुआ है। इस सम्बन्ध में कहा गया है कि 26 लाख एकड़ जमीन कुल मिली है जिसमें 18 लाख एकड़ जमीन बांट दी गई है। मैं समझता हूं यह बात सत्य नहीं है। बहुत सारी स्टेटेस में, खास तौर से उत्तर प्रदेश के बारे में मैं कहना चाहता हूं, वहां पर सारा बटवारा कागज पर हुआ है। वास्तव में लोगों को जमीन नहीं मिली है। आज भी बहुत सारे लोग गांवो में उन जमीनो पर कब्जा किए हुए हैं। उन गरीबों को, जिनके नाम पट्टे किए गए हैं, आज तक पट्टे नहीं मिले हैं। मेरी मांग है कि इसके लिए कोई जांच कमेटी बनाई जाये क्योंकि यह बीस सूत्री कार्यक्रम का मुख्य आधार है। मैं समझता हूं यह सामन्तवाद पर बड़ा कड़ा प्रहार है। इस बात की इंक्वायरी की जानी चाहिए कि जो जमीनों का बटवारा हुआ है वह वास्तव में ठीक हुआ है या नहीं। इस बात का इनी-

[ श्री सरजू पांडे ]

शिएटिव केन्द्र सरकार की ओर से होना चाहिए ताकि सत्यता का पता चल सके । मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि बहुत सारे झूठे बटवारे किए गए हैं ।

फ़मिली प्लानिंग के बारे में श्रीमती मुकुल बनर्जी का भाषण मैं ने सुना । वह कुछ उखड़ी हुई गुस्से में बोल रही थीं । हम लोग कोई भी नसबन्दी के खिलाफ़ नहीं हैं और न परिवार नियोजन के खिलाफ़ हैं लेकिन प्रश्न यह है कि जो सत्यता है उसको कैसे आप तक पहुंचाया जाये । इस तरह के आपरेशनों में ऐसे डाक्टर इस्तेमाल किए जाते हैं जो बगैर इस बात की जांच-पड़ताल किए कि आदमी आपरेशन होने लायक है या नहीं, डायबटिक पेशेन्ट है या क्या है, आपरेशन कर देते हैं । मैं एक मास्टर की घटना जानता हूं जो बेचारा आपरेशन टेबल पर ही मर गया क्योंकि वह फ़ाइलेरिया का पेशेन्ट था । अभी बस्ती में, सुल्तानपुर और मुजफ़्फ़रनगर की घटना आपने सुनी कि रिक्शे वालों को आपरेशन के लिए मजबूर किया गया । जब उन्होने आपरेशन कराया तो उनसे दो दो सौ रुपए की मांग की गई और कहा गया कि नहीं दोगे तो रिक्शा नहीं चलने दिया जायेगा । जब उन्होंने इस बात का विरोध किया तो गोली चलाई गई । इस तरह से हम देखते हैं कि देश में जो एक अच्छा वातावरण बना था उसका विपरीत प्रभाव जनता पर पड़ रहा है । मुझे मालूम नहीं माननीय सदस्य कहां रहते हैं और क्या सोचते हैं । आजकल गांवो में और सड़को पर यही चर्चा है । स्कूलों में फ़ंड काटा जाता है । हरिजन छात्रों पर फ़ीस लगाई जा रही है । स्कूल की अध्यापिकाओं से कहा जाता है कि आपरेशन के केसेज लाओ, वरना तुम्हारा तबादला कर दिया जायेगा । मेरी समझ में नहीं आता कि यह क्या हो रहा है अगर ऐसी बात है तो आप कानून बना दीजिये कि तीन बच्चों बाद हर आदमी को लाज़मी आपरेशन कराना होगा, तब इस में कोई झंझट नहीं होगा । आज तो आदमियों को आपरेशन कराने के लिए खरीद कर लाया जा रहा है । आप इस के बारे में गम्भीरता से विचार करें और पार्टी के लेवल से उठ कर देश के जनमानस को जीतने की कोशिश करें ।

दूसरी बात—मुझे यह कहनी है—आप ने बर्न, स्टैण्डर्ड कम्पनी और ब्रैथवेट एण्ड कम्पनी को ले लिया, यह बहुत अच्छा काम किया है । मैं चाहता हूं कि चीनी मिलो का भी इसी तरह से राष्ट्रीयकरण किया जाय । इस सदन के 200 सदस्यों ने दस्तखत कर के आप को एक मेमोरेण्डम दिया, जिस में आप से अनुरोध किया गया कि अब वह मौका आ गया है जब कि इन मिलो का राष्ट्रीयकरण होना चाहिये, कम से कम उत्तर प्रदेश और बिहार के काश्तकारो के साथ न्याय करने के लिये इन मिलो का राष्ट्रीयकरण अवश्य किया जाना चाहिये ।

आप ने हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लि० और एस्सो को लिया है, यह बहुत अच्छी बात है । आप चूंकि एस्सो को एक भारी एमाउन्ट मुआवजे की शक्ल में देने जा रहे हैं, इस लिये मैं इस का विरोध करता हूं, क्योंकि इन्होने पहले ही इतना रुपया कमा लिया है कि इन को किसी तरह का मुआवजा देने की जरूरत ही नहीं है ।

मैं चाहता हूं कि नसबन्दी के मामले में सरकार तुरन्त विचार करे, जबरदस्ती का रास्ता छोड़े और बीस प्वाइन्ट प्रोग्राम के अन्दर किसानो को जमीन दिये जाने के प्रश्न पर सीरियली काम करें । मैं चाहता हूं कि केन्द्र कोई मशीनरी बनाये जिससे किसानो को जो रुपया दिया जा रहा है उस का सही इस्तेमाल हो सके ।

**सरदार स्वर्ण सिंह सोखी** (जमशेदपुर): चेअर मैन साहब, जो सप्लीमेन्ट्री डिमाण्ड्स हाउस के सामने लाई गई है, मैं उन का स्वागत करता हूं । ये बहुत अच्छी डिमाण्ड्स है, खास कर मैं डिमाण्ड नं० 48 का जिक्र करना चाहता हूं, जो फैमिली-प्लानिंग के बारे में है । इस काम के लिये आप चाहे जितना रुपया लें, लेकिन शर्त यह है कि रुपये का सही इस्तेमाल होना चाहिये । जहां तक मुझे पता है, इस रुपये का मिसयूज होता है, कई तरह की बातें हमारे सामने आ रही है, इस लिये इस पर निगरानी रखने की जरूरत है । हमारे बिहार में—सिंहभूम जिले में क्या होता है—बूढ़े आदमियो को ले जाकर. नसबन्दी करा देते हैं, उस के बाद उन को 20 रुपया पकड़ा देते हैं, जब कि उन को ज्यादा रुपया दिये जाने की व्यवस्था है । उन के साथ जिस तरह का हैरेसमेन्ट होता है, उस के लिये सरकार बदनाम होती है । इस में कोई शक नहीं कि यह बहुत अच्छा काम है, हमारे छोटानागपुर जिले में तो यह काम बहुत अच्छी तरह से चला है—आप हमारे रिकार्ड को देख लीजिये ।

डिमाण्ड नं० 61 भी बहुत अच्छी डिमाण्ड है । आप ने बर्न स्टैण्डर्ड कम्पनी और ब्रैथवेट कम्पनी को ले लिया है—इन के लिये आप पांच लाख रुपये मांग रहे हैं, जरूर लीजिये, मेरे ख्याल से तो यह रुपया कम है, और ज्यादा रुपया दिया जाना चाहिये । लेकिन इन का मैनेजमेन्ट ठीक नहीं है । मैंने अपने पिछले भाषण में भी कहा था कि वहां पर जो रुपया खर्च होता है, वह वेस्ट होता है, पुराना मैनेजमेन्ट है, पुराने लोगों को ही कस्टोडियन बना दिया गया है । अभी भी वहां के कस्टोडियन आर्डर देने में फेवरेटिज्म करते है, मेरे पास इस के सुबूत हैं, अगर मिनिस्टर साहब चाहें तो इस बारे में मुझ से बात कर सकते हैं । जो अफसर बहुत पुराने हो गये हैं और कहते हैं कि हमें काम करने में इन्टरेस्ट नहीं है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है है उन को रखने की कोशिश क्यों की जा रही है ? मेहरबानी कर के इस की जांच पड़ताल कीजिये और नये आदमियों को कस्टोडियन की शक्ल में लाइये ।

जहां तक रिटायरमेन्ट और सुपरैनुएशन का सवाल है—मैंने पहले भी कहा है कि जिन आदमियो की रिटायरमेन्ट की एज हो गई है उन को रिटायर कीजिये, उन को लाखो रुपया क्यो दिया जा रहा है । आप को जितना रुपया चाहिये, लीजिये, लेकिन उस रुपये को वेस्ट न कीजिये, हम पांच लाख ही नहीं, 10–20 लाख रुपये भी देने को तैयार हैं । पर रुपये का जो वेस्टेज होता है वह न हो । मौर्य जी से भी इस का सम्बन्ध है, वे भी इस चीज को देखें कि रुपये का वेस्टेज न हो और जो आफ़िसर्स ऐसा करते हैं उन के कान खींचिये और एडमिनिस्ट्रेशन को टाइट कीजिए ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जो पुराने कस्टोडियन हैं इन को आप बदल दीजिए । कहीं पर आप ने मेजर कस्टोडियन रख दिये हैं और कहीं कर्नल कस्टोडियन रख दिये हैं । इन को आप बदलिये । क्यो आप को इस काम के लिए पब्लिक के आदमी नहीं मिलते हैं ?

इस के साथ ही स्टील माइंस की डिमान्ड नं० 83 है । उस के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि मैंने दुर्गापुर एलाय स्टील प्लान्ट को विजिट किया है और वहां पर मैं ने देखा है कि हजारों टन एलाय एक्सिल्स और व्हील्स पड़े हुए हैं । एक हजार टन स्टील का दाम 35 हजार रुपया होता है और इतना स्टील वहां पर पड़ा हुआ है जबकि आप बाहर से स्टेनलेस स्टील इम्पोर्ट करते हैं । इस तरफ़ भी आप को ध्यान देना चाहिए ।

एक बात मैं बोकारो के मेनेजमेंट के बारे में कहना चाहता हूं । वहां का मेनेजमेंट बिल्कुल रद्दी है । वहां पर एक कन्वर्टर

[सरदार स्वर्ण सिंह सोखी]

में एक महीना पहले आग लग गई थी। उसमें लोहा पिघलाया जाता था। वह ठीक नहीं हुआ है। वहां का जो मैनेजिंग डाइरेक्टर है, वह ठीक नहीं है। इसलिए मेरा कहना यह है कि आप वहां के मेनेजमेंट को ठीक कीजिये।

इन बातों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री मूल चन्द डागा** (पाली) : सभापति महोदय, देश के लिए यह बहुतरीन बात होगी अगर पार्लियामेंट के सदस्य परिवार नियोजन के खिलाफ अगर कुछ बातें होती हैं, उन को हाईलाइट देश के लिए न करें। यह बहुत बड़े दुर्भाग्य की बात होगी अगर संसद सदस्य इन बातों को हाईलाइट करेंगे और मैं ऐसा समझता हूं कि ऐसा कर के वे देश सेवा नहीं करेंगे। यह सभी जानते हैं कि यह एक बहुत बड़ा सवाल है जिस को मजबूती के साथ गवर्नमेंट ने किया है और मैं गौरव के साथ कहता हूं कि राजस्थान ने इस बारे में अब से बड़ा एचीवमेंट किया है। राजस्थान ने 85,022 स्टेरेलाइजशन के केसेज किये हैं और हिन्दुस्तान के सभी राज्यों में वह सब से आगे है और उस ने इस मामले मे सब से बड़ा कदम उठाया है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि पूरे हिन्दुस्तान में अब तक 18,29,02,698 केसेज स्टरेलाइजेशन और दूसरी चीजों के हो चुके हैं और स्टेरेलाइजेशन के सारे राज्यों के फीगर्स जो दिये गए है, उस को देखने से पता चलता है कि जो टार्गेट रखा गया था, उस का 87 परसेंट पूरा कर लिया गया है और हर राज्य ने इस को पूरा करने की कोशिश की है। इस सम्बन्ध मे मैं एक सुझाव यह भी देना चाहता हूं कि लोगों को इस बारे में ज्यादा से ज्यादा फिल्में दिखाई जाएं क्योंकि हमारा जो देश है वह रूढ़िवादी देश है और इस में लोग अंधविश्वासों में पले हैं, उन को फिल्में दिखाने से बहुत फायदा हो सकता है अगर परिवार नियोजन नहीं किया गया तो मैं समझता हूं कि सारे देश के लिए पापूलेशन बढ़ने से एक बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस परिवार नियोजन के मामले में आदमियों को ज्यादा बोलने की इजाजत नहीं होनी चाहिए और औरतों को ही, जिन को इस से तकलीफ़ होती है, बोलने दिया जाना चाहिए। लोगों पर इस के लिए रोक लगा दी जाए। हमारे इसहाक सम्भली जी को न बोलने दिया जाए बल्कि इन की जो धर्मपत्नी हैं, उन को बोलने देना चाहिए। इन को बोलने का हक नहीं होना चाहिए क्योंकि यह मसला सारे हिन्दुस्तान के रहनेवालों का है। परिवार नियोजन के बारे मे श्री संजय गांधी ने जो काम किया है और इस काम को बहुत आगे बढ़ाया है, उस के लिए मैं उन का आभार मानता हूं। उन्होंने देश के लिए यह बहुत बड़ा काम किया है।

इस के बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि एक ऐसा आदमी है जिस का नाम एम० सुन्दरम सेठी है, जो विजय बैंक का मालिक बन बैठा है और उस ने 10 करोड़ रुपये की पूंजी उन लोगों को दे रखी है, जोकि खत्म हो गए हैं और अब उन से वह पैसा मिलना मुश्किल है। वे बैंक की हर ब्रांच पर अपना फोटो लगवाते हैं और आर० एस० एस० के लोगों को उन्होंने रखा हुआ है और उन को बढ़ावा दे रखा है। वे बैंक के लोगों से अपनी गुलामी करवाना चाहते हैं और या तो बेंगलौर में बैठे रहते हैं या फिर बाहर घूमते रहते हैं। लाखों करोड़ों रुपया बरबाद हो गया है। शेयरहोल्डर्स ने लिख कर दिया हुआ है। रिजर्व बैंक से जांच हो गई है। सब चीजें आउट हो गई हैं। मैं चाहता हूं कि

डिप्टी मिनिस्टर साहिबा जब जवाब दें तो इस पर भी प्रकाश डालें। इस आदमी की जांच होगी ?

**16.00 hrs.**

MR. CHAIRMAN: On which Grant are you speaking, Mr Daga?

SHRI M. C. DAGA: I am speaking about the Department of Revenue and Banking. I know that you are in the Chair; and that you will not allow anybody to speak against the rules. So, I do not go against the rules. आपने 75 करोड़ रुपया गरीब लोगों के लिए दिया था । बड़ी खुशी की बात है । सरप्लस भूमि छोटे छोटे किसानों को, भूमिहीन लोगों को आपने दी है। आपने लोन भी दिया है ताकि वे उस भूमि का विकास कर सकें। ग्रामीण बैंक भी आपने खोले । गरीबों के पास दौलत पहुंची है। उन्होंने उसको खेती के काम में लगाया है। लेकिन राजस्थान में जागीरदारों से ले कर जो भूमि उनको दी गई है वह किसी काम की नहीं, बंजर है, बेकार है। उस भूमि का विकास करने के लिए जो आप धनराशि दे रहे हैं थोड़ी सी उससे उस भूमि का विकास नहीं हो सकेगा। उससे कुछ लाभ नहीं होगा। मैं चाहता हूं कि उन को ज्यादा लोन आप दें ताकि वे उस भूमि का विकास कर सकें।

मै चाहता हूं कि परिवार नियोजन के खिलाफ कोई आदमी बोले तो उसको बोलने न दिया जाए। सुभद्रा जोशी जो बोल सकती हैं लेकिन कोई आदमी बोले तो उसको आप बोलने न दें।

SHRI K LAKKAPPA (Tumkur): After the passage of the Constitution Amendment Bill, I feel that it is my duty to say that the Ministry of Finance has to change its attitude towards certain problems in the country and also towards the implementation of the economic programmes. Mr Daga has made a vigorous speech. I also know that certain private banks are operating with the aim of defeating the programmes of the country. Crores of rupees have been swindled. Favouritism, nepotism and fake-notes circulation are going on, on a large scale. Those people are not interested in pushing through the country's economic programmes, but only in patronizing their own kith and kin and in giving employment to them and in making the banking system a private affair. The Department of Banking can also investigate into the working of the private banks.

Mr. Daga has already mentioned that serious allegations have been made, but that no enquiry has been done. I do not know what the Reserve Bank is doing and why action has not been taken against Mr Sundaram Shetty, the chairman of the Vijaya Bank. We have made it clear and we have submitted a memorandum. Not only the Members of Parliament but people outside are also agitated. Employees have been thrown out. That gentleman is using his office for patronizing anti-national activity.

MR CHAIRMAN: Order please. I will be failing in my duty, if I fail to bring to the notice of the hon. Members that there are certain constraints under which we speak here. Specific references to persons who are not in the House and making incriminatory remarks about them are specifically barred, under the rules. The subject that we are discussing relates to some additional grants for the Department of Banking dealing with taxation. Merely because it comes under that Department, Members should not refer to everything coming under it. Members will kindly confine themselves to the specific matter under discussion.

SHRI K. LAKKAPPA: The banks are not expected to have a political game out of it, they are not expected to defeat the economic programme launched by our Prime Minister. I think it is very relevant. I do not know how you

[Shri K. Lakkappa]

said that it is not relevant. Should not action be taken in that direction? Let the Reserve Bank make a thorough enquiry, a top-level enquiry and remove those people who are supporting the movements of RSS and the anti-national activities of such organisations.

We are interested in implementing the economic programme in the various districts. That is not possible unless the nationalised banks come in a big way to help the backward areas. The hon. Minister was saying that hon. Members would be associated with the economic programmes in the district. That is not possible unless Members are associated with the working of banks at the district level. Now some of the nationalised banks are giving patronage only to big business and blackmarketeers. Then, how is it possiible to have sufficient finance for land reforms? The Mysore Bank in Karnataka is not functioning properly, even though it is a Government bank. It is thereby defeating the very purpose of the 20-Point Programme. So, MPS should be associated with all the banks at the district level.

The drought situation in my State is very acute. There is no fodder for animals and no drinking water for human beings. People are going away in search of food. Therefore, the Ministry should come in a big way to help the drought-stricken people of Karnataka. I hope the hon. Minister will in his reply mention the relief measures that will be taken in that State.

SHRI Y. S. MAHAJAN (Buldana): Mr. Chairman, I rise to support the Supplementary Demands for Grants put forward by the Finance Ministry. I would like to say a few words, particularly on Demand No.44, relating to Family Planning, because that is the greatest problem that we face today. It is the root cause of the poverty in this country. Whatever progress we made during the last 20 years in the economic field has been wiped out by the so-called population explosion. Since the attainment of freedom the increase in our population is equal to the total population of Russia, which occupies one-sixth of the habitable area of the world. Our population today is more than the total population of America and Russia put together. It is increasing at the rate of 13 million every year. Sometime ago I happened to travel to Bombay with an engineer from East Germany. While discussing the socio-economic problems of his country, I asked him about the population of his country. He said "it is as much as the addition you make in your country every year."

During the last 15 years our Government have done a lot of work in this field. Yet, only 20 per cent of the couples of the reproductive age are covered by family planning at present. Our immediate objective is to reduce the birth rate from the present 35 to 25. It is estimated that we cannot do this unless the number of couples who practise family planning increase from the present 20 million to 50 million or 60 million at the end of ten years. To do this is a gigantic effort. We find that in spite of our efforts to persuade and motivate people, we are up against an almost unsealable wall of resistance due to ignorance, poverty and superstition. The time has come, therefore, when compulsion has become necessary. In Maharashtra we want to make it compulsory. Let everybody know that two or three children is the limit for any family. Unless it is done, no Government in this country, whatever its complexion, can possibly succeed in raising the standard of living of the people to tolerable levels.

I am surprised to have Shri Dinen Bhattacharyya saying that some people were being forced in West Bengal. How many? Eighty persons. Out of how many? West Bengal has done exceptionally well in the whole of India. In the first three months of this financial year, West Bengal has carried out 2,19,356 sterilisations, which is more than any other State in the whole country. It is a thing to be proud of. But, instead of praising the Government, he is coming here and saying that 80

people were forced. I know that many with only one child have gone in for sterilisation. A person who had only one child came in for sterilisation in our State, and the Minister asked him why. He said: "I know what happens when there are many children. I am proud that I have only one child, and I will rear that child so well that she will be as good as the Prime Minister, Indiraji herself." This ambition has gripped the people of this country, and no amount of baseless criticism can come in the way of the progress of our people.

I support the Demands, and I hope that we will ultimately aim at a zero rate of growth of population.

**श्रीमती सुभद्रा जोशी** (चांदनी चौक) : सभापति जी, आज जो सप्लीमेंटरी ग्रान्ट्स पेश की गई हैं, उनका अनुमोदन करने के लिये मैं खड़ी हुई हूं और खासकर मन्त्री महोदया का ध्यान फैमिली प्लानिंग की तरफ दिलाना चाहती हूं। मैं सब से पहले यह कहना चाहती हूं कि इसके तरीके के बारे में अगर कोई कुछ कहे, तो इससे यह नहीं समझ लेना चाहिये कि वह फैमिली प्लानिंग के खिलाफ हैं। मुझको याद है कि आज से 10, 20 बरस पहले मैं पंजाब के एक देहात में गई थी, जहां कि कोई जाते ही नहीं थे। वहां की स्त्रियों ने मुझ से कहा कि आप बहुत कुछ तो करती हैं, पर इस बारे में भी कुछ करिये कि जिससे बच्चे कम हों। फैमिली प्लानिंग पर बहस की बात नहीं है। इस बारे में हमारी प्रधान मन्त्री ने, स्वास्थ्य मन्त्री ने और मैं समझती हूं कि आज हमारी अर्थ-मन्त्री महोदया भी यही कहने वाली हैं कि इस मामले में कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिये।

महाराष्ट्र में जब वहां फैमिली प्लानिंग के बारे में जब बिल का ड्राफ्ट हुआ था, तो मुझे देखने का मौका मिला, उसमें यह बताया गया कि किन लोगों का स्टरलाइजेशन होना चाहिये, कितने बच्चे होने चाहियें, क्या उम्र होनी चाहिये, क्या शर्तें होनी चाहियें, कौन केस गुजेगा, कौन करेगा और कहां कुछ जायेगा। जहां यह कहा गया है कि जबर्दस्ती नहीं होती है, वहां जो तरीका अख्तियार किया गया है उसके बारे में मैं स्पष्ट कहना चाहती हूं मन्त्री महोदया से कि यह अनुदान तो आप मांगते हैं, पॉलिसी आप बतलाते हैं पर काम बिल्कुल अफसरों के ऊपर छोड़ दिया जाता है।

सभापति जी, सभी जानते है कि अफसरशाही में कुछ लोग अच्छे भी होते हैं, पर ज्यादातर अफसरों ने कांग्रेस की और सरकार की पालिसी को माना नहीं है। एमरजेंसी लागू करने के बाद इस सम्बन्ध में सारा काम अफसरशाही पर छोड़ दिया गया है। जिन जमातों पर पाबन्दी लगाई गई है, उन जमातो के लोगों ने सरकारी कर्मचारियों में इन्फिलट्रेशन कर रखा है। सरकारी कर्मचारियों को फ़ैमिली प्लानिंग के बारे मे कोई गाइडेंस नहीं दी गई है।

फैमिली प्लानिंग का मतलब सिर्फ स्टरलाइजेशन नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य फैमिलीज को छोटा करना है। इस बारे में कोई गाइडेंस नहीं दी गई है कि किसका स्टेरीलाइजेशन करना है, उसकी उम्र क्या होनी चाहिए, वह शादीशुदा हो या नहीं, वह बूढ़ा हो या जवान, वगैरह वगैरह। सिर्फ तादाद मुकर्रर कर दी गई है कि हर एक छोटा बड़ा अफसर इतने केसिज लाये। टीचर्ज, डाक्टर्ज, पुलिस, रेवेन्यु और डी०डी०ए० वालों सब को सिर्फ यह कहा गया है कि इतने केसिज लाओ। आखिर पुलिस के पास कौन सा फ़ोरम है, जहां वे लोग फमिली प्लानिंग के बारे में व्याख्यान देंगे? इसमें उन लोगों का कसूर नहीं है। जब उनको कहा जाये कि इतने केसिज लाओ, तो वे अपनी अपनी अक्ल और ताकत के मुताबिक कई तरीके अख्त्यार करते हैं और केसिज लाते हैं। जिसको कोई केस नहीं मिलता है, वह घूम घूम कर, हाथ जोड़ कर कहता है कि मुझ से लो, दो सौ रुपया ले लो, मगर ईश्वर

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

के लिए एक केस मेरे नाम लिख दो कहा जाता है कि आज दिल्ली में अपने नाम एक केस लिखवाने के लिए लोग 500 रुपये तक देने के लिए तैयार हैं, मगर डाक्टर कहता है कि मैं यह कैसे कर सकता हूं, मुझे तो खुद इतने केसेज करके देने हैं।

जहां तक दिल्ली का सम्बन्ध है, जो डायरेक्टली केन्द्रीय सरकार के कन्ट्रोल में है, मैं कहना चाहती हूं कि किसी मंत्री या किसी अफसर को मुकर्रर कर दिया जाये, जिसके पास लोग जा सकें और पता लगा सकें कि क्या उनका स्टर्लाइजेशन होना चाहिये या नहीं। आज जिस तरीके से काम हो रहा है, उसकी वजह से हिन्दुस्तान के लिये सब से आवश्यक इस प्रोग्राम का सत्यानाश किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि जो लोग हमेशा से इसके हक में रहे हैं, सरकार ने उनको उसका समर्थन करने की पोजीशन में नहीं रखा है। यह बहुत जरूरी है कि इस प्रोग्राम को चलाने के लिये कोई ट्रेनिंग, गाइडेंस या गाइडलाइन्स दी जायें। जिस ढंग से आज यह काम किया जा रहा है, उसकी वजह से कुछ गलत तरीके भी अपना लिये जाते हैं। एक स्कूल के बच्चों को कहा कि वे अपने मां-बाप को लायें। मां-बाप नहीं आये। तब मास्टरों ने छुट्टी के बाद बच्चों को स्कूल में रोक लिया कि मां-बाप अपने आप ढूंढते ढूंढते आयेंगे। मां-बाप जब वहां पहुंचे, तो वे इतने नाराज हुए कि उन्होंने डंडों से मास्टरों को मारा और स्कूल का सारा सामान तोड़ दिया।

इस तरह की कार्यवाहियां प्रधान मन्त्री की नीति के खिलाफ हैं, हमारे 20-सूत्री कार्यक्रम के खिलाफ है, हमारे स्वास्थ्य मंत्री ने जिस पालिसी की घोषणा की है, उसके खिलाफ हैं। अगर 60, 70 साल के बूढ़े आदमियों का आपरेशन कर भी दिया जाये, तो उससे पापूलेशन में कमी कैसे होने वाली है? एसे लोगों से तादाद को बढ़ा कर फैमिली प्लानिंग का काम नहीं होगा। अगर मंत्री महोदय चाहें तो मैं यह साबित कर सकती हूं कि कोई दूसरा आदमी अपना आपरेशन करवा कर मेरे नाम से सर्टिफिकेट ले सकता है और जहां जरूरत हो, मैं उसको प्रोड्यूस कर सकती हूं।

जरूरत इस बात की है कि इतने अच्छे कार्यक्रम को देखने के लिये कोई मंत्री मुकरर कर दिया जाये, जिसके पास जनता अपनी शिकायत वगैरा कर सके। ऐसा करने से यह कार्यक्रम अच्छी तरह चल सकेगा। लोकसभा को इसके लिये रुपया देने में कोई एतराज नहीं है। सरकार चाहे, तो इससे दुगना रुपया ले ले लेकिन वह रुपया गवर्नमेंट की पालिसी को चलाने के लिये इस्तेमाल होना चाहिये, न कि उसको सैबोटेज करने के लिये। मुझे शुबह होता है कि शायद कोई ऐसा षड्यंत्र रचा जा रहा है कि सरकार की पालिसी को सैबोटेज किया जाये और उसको जनता से दूर किया जाये। सरकार को इसकी रोकथाम करनी चाहिए।

श्री राहु हेचाऊ (रामटेक) : सभापति महोदय, अनुदानों की अनुपूरक मांगों का मैं समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारे यहां कृषि के लिए जो भी राशि निश्चित की गई है उससे भी यदि अधिक राशि निश्चित की जाती तो ठीक होता। क्यों कि 20 वाइंट प्रोग्राम के अंतर्गत अभी जो अधिक भूमि वालों से भूमि ली गई है उस भूमि का जो भूमिहीनों में बटवारा हुआ है बटवारे के बाद उस भूमि के सुधार और उससे अधिक से अधिक उत्पादन निकालने का कार्य करना है। इसलिए इसके लिए अधिक राशि की जरूरत है। हम देखते हैं कि कृषि में सिंचाई का बहुत महत्व है। परन्तु पानी की व्यवस्था हमारे देश में पर्याप्त मात्रा में नहीं है। कई जगहों में नदियों और नालों का पानी बह जाता है और फिर सूखे की अवस्था निर्माण हो जाती है। मैं भंडारा जिले की बात करता हूं। यह एक चावल उगाने वाला महत्व का इलाका

है। लेकिन वहां की स्थिति ऐसी है कि नहर कुछ जगह है, जैसे रामटेक की एक प्रसिद्ध नहर है, लेकिन वहां उसका पानी समय पर कृषकों को नहीं दिया जाता। जब बारिस नहीं आती और फसल सूखने लगती है उस वक्त पानी देने की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन फसल सूख जाने के बाद पानी देने की व्यवस्था होती है और उसका कोई परिणाम नहीं होता। प्रशासन में जो यह खामी है अफसर लोग इसकी ओर ध्यान नहीं देते और काश्तकार, छोटा आदमी चिल्लाता रहता है उसको पानी नहीं मिलता, उसकी फसल सूख जाती है। यह स्थिति इस साल भंडारा जिले में हुई है। लाखों टन अनाज जो बढ़ सकता था वह घट गया है। फसल इस साल कम हुई है बारिश कम होने के कारण।

दूसरी बात खाद या उर्वरक के बारे में मैं कहूंगा कि खाद का दाम इतना बढ़ गया है कि कृषकों को आज खेती में खाद डालना नहीं पूरता। बहुत से काश्तकारों ने खेती में उर्वरक डालना बन्द कर दिया हैं। इसका कारण यह है, एक एकड़ भूमि का हिसाब मैं आपके सामने रखूंगा, विदर्भ में जहां पानी की व्यवस्था नहीं र जहां ऊपरी पानी से फसल निकलती है वहां एक एकड़ ज्वार या कपास बोना है तो कम से कम एक बोरा भी रासायनिक उर्वरक डालें तो 100 रुपये उसको उसके देने पड़ते हैं। उसके बाद कम से कम 100 रुपये और एक एकड़ के ऊपर खर्चा आ जाता है मजदूरी वगैरह सब मिला कर। इस तरह पूरा उसका खर्चा उर्वरक और मजदूरी वगैरह सब को लेकर 250 रुपये तक आ जाता है और एक एकड़ की जो फसल होती है, आज का जो दाम है उसके हिसाब से वह फसल ढाई सौ या 300 रुपये की हो जाती है। तो एक एकड़ में मेहनत करने के बाद एक साल के पश्चात् पचास या 25 रुपये उसको खेती से मिलते हैं तो वह कृषक कैसे उससे जी सकता है। दस या 15 एकड़ भूमि वाला काश्तकार भी आज उससे जी नहीं सकता है। परिणाम यह हो गया है कि कई लोगों ने खेती की उपेक्षा करना शुरू कर दिया है। वे मजदूरी के लिए जाते हैं लेकिन खेती नहीं करते हैं। अगर खेती करते हैं तो उर्वरक नहीं डालते। इसकी ओर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। नहीं तो हम इधर अनाज बढ़ाओ की योजना बना रहे हैं और उधर उसका उपयोग नहीं हो रहा है। इसका परिणाम बहुत भयानक हो सकता है।

कृषकों को सबसिडी देना आज बहुत जरूरी है। वह पैसे के रूप में न दी जाय तो बीज उर्वरक और बिजली के रूप में उसको दी जाय और इसके साथ साथ बगैर सूद का ऋण किसान को दिया जाय। जो ऋण दें उस पर सूद न लिया जाय और इस तरह उसको एक प्रकार का प्रोत्साहन दिया जाय।

इसके साथ साथ मैं कहूंगा कि परिवार नियोजन का जो कार्यक्रम हमने चलाया है वह बड़ा अच्छा कार्यक्रम है—इसमें कोई दो मत नहीं हो सकते हैं। यदि हमारे देश में इसी प्रकार से संख्या बढ़ती गई तो आगे चल कर अव्यवस्था का निर्माण हो जायेगा। लेकिन जिस प्रकार से आप परिवार नियोजन को चला रहे हैं उसका कृषि उत्पादन पर बड़ा बुरा प्रभाव पड़ा है। कई बार जो काम करने वाले किसान और मजदूर होते है उनको पकड़ कर लाया जाता है और जबर्दस्ती आपरेशन किया जाता है तथा आपरेशन के बाद उसकी उचित देखभाल की जो व्यवस्था होनी चाहिए वह व्यवस्था नहीं होती है। परिणाम यह होता है कि वे खेत मे जाकर काम नहीं कर पाते हैं। इस प्रकार उनकी खेती भी पड़ी रहती है और भय भी बना रहता है। देहातों में खेती पर इसका बहुत बुरा असर हुआ है। यह बात नहीं होनी चाहिए। वैसे यह कार्यक्रम बहुत अच्छा है लेकिन जो इसमें खामियां हैं उनको दूर किया जाना चाहिए। परिवार नियोजन के लिए ऐसा वातावरण बने कि जनता स्वयं उसके लिए आगे बढ़े। आज तो जनता में भय का निर्माण हो रहा है जिससे

[श्री राम हेड़ाऊ]

इस कार्यक्रम की बदनामी हो रही है—ऐसा नहीं होना चाहिए । अधिकारियों और कर्मचारियों के बेहूदा ढंग से काम करने के कारण परिवार नियोजन के कार्यक्रम के सम्बन्ध में लोगों में डर और असन्तोष की भावना फैल रही है । इस प्रकार की बात नहीं होनी चाहिए । इसके साथ साथ मैं यह भी कहूंगा कि नसबन्दी का कोटा पूरा करने के लिए कहा जा रहा है उसको रोका जाये वरना बीस सूत्री कार्यक्रम में भी बाधा आयेगी और इतना बड़ा जो परिवार नियोजन कार्यक्रम है उसकी भी बदनामी होगी । मैं नहीं चाहता कि इस कार्यक्रम की बदनामी हो । सरकार इस पर पूरा ध्यान दे और समुचित उपाय करे ।

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil): Sir, I rise to support the Demands for Grants.

Some hon. Members on the other side have criticised the family planning campaign which is going on in this country. They know very well that this House discussed the population policy two months ago. The United Nations organized a population conference in Budapest where the general consensus was that the population policy might vary from country to country. It is also generally accepted that the indiscriminate growth of population has to be controlled for creating a better economic order of the world. The family planning programme is being politicalised today by the forces of reaction and darkness. We know that, in the last few years, we had been fighting these forces of reaction and darkness and, possibly, defeated them on all fronts. Now they are trying to raise their head again through rumour-mongering and opposing family planning which has a very important content and aspect of the socio-economic transformation in this country. I wish my friends on the other side understand the socio-economic content and the importance of family planning and fight the forces, which are indulging in rumour-mongering and are trying to create a difficult situation in this country. and defeat them again.

Here the Demands for Grants have come in respect of Petroleum Ministry. I want the Hindustan Petroleum to flourish because they have just taken over from ESSO, but they should not behave as they are doing in the Cochin Refinery today. I have no criticism to make about the Cochin Refinery as such. They have 342 employees in that Refinery, and for this small number of employees, they have imported a Personnel Managers with high salaries from the Railways. There is already a very good Personnel Department in the Cochin Refinery itself; I know that because I was the President of the Union there. This kind of importing high-salaried people from other departments creates discontentment among the workers. Those people do not know anything about the Cochin Refinery and also about personnel management. I strongly oppose this kind of importing people to a concern like the Cochin Refinery which was doing very well.

I had raised this question about Hindustan Photo Films earlier also. The Industries Minister is here. He knows very well about it. I am very sorry to point out that they are projecting a picture of profit whereas the actual accounts show that they are running in heavy losses, because, there is a heavy drainage of management. There is no Managing Director or Manager there because the Chairman is misbehaving in a very bad manner. I hope, the Minister will look into it.

Lastly, I would refer to the banking institutions I want that the Government, the Ministry of Finance, Department of Banking and Revenue, should have a direct look at this. No bank is expected to play politics

using the bank authority Forming a trade union is not a crime. I know, Mr. Chairman, you are leader of the INTUC in the country and you will agree with me that forming a union and affiliating it to INTUC is not a crime. This bank authorities have been transferring persons from one place to another; they will transfer one person to Delhi and the very next moment he will be transferred to Calcutta. I know, thirty officers have been transferred three times within four months. The reason for all this is that these officers were members of the union affiliated to the INTUC, and they opposed R.S.S. I have with me written documents to show all this. This Bank has been supporting RSS and paying money to them. I would submit that these banks are for the benefit of the people and the commercial institutions, but this bank has appointed agents for giving loan and I can give you a few examples. One foreign automobile tyre company needed one crore rupees of loan. They approachd the agent and entered into an agreement with agent. It is written in the agreement that half percent commission will be given to the agent, and that would come to rupees two lakhs and fifty thousands. Rs. fifty thousands have already been paid to the agent, but this company has refused to pay the rest of the amount to the agent. The agent has sent a registered notice to the company for this. I have with me the documents in this connection.

Then, there is another firm, perhaps, called Mehta Brothers. They are also the agents of this bank. They have been taking loan from the bank at 16 per cent interest and are giving the same to different firms and charging 30 per cent interest. This is against the 20-Point programme. This is the highest kind of exploitation of the people.

The recruitment in the bank is that of the relatives and relations of the Chairman. I have with me all records to show how they are indulging in corrupt practices.

I would like to know from the hon. Minister, what action the Government is taking against persons who are hoarding black-money and for circulating counterfeit notes. Complaints have been given that this Bank has circulated forty lakhs of rupees of counterfeit notes. What action have you taken against Vijaya Bank for going this? The Chairman is completely misusing his authority and is shielding the R.S.S. What action have you taken against him?

SHRI K. LAKKAPPA: Even detenu under MISA has been financed by them.

SHRI VAYALAR RAVI: I have with me all the documents and I am prepared to submit.

Now, Sir, so much panic is being created on account of family planning. I would request the reactionary forces not to make a political issue of it; it will not pay any divident to them. The family planning programme was started in Kerala some two-three years ago. There is a family planning camp in Ernakulam, where one lakh persons have been sterilised with persuasion. There has been no complaint of any coercion. This programme was started in a State where Shri Achuta Menon is the Chief Minister, Kerala. People came forward to get themselves sterilised, but organisations like R.S.S. were making a hue and cry at that time. Even before emergency, Kerala has given a lead in this family planning programme. Then the collector of Ernakulam, Shri Krishan Kumar, gave a lead in this programme. The R.S.S. led a big campaign against him. I would urge the people who are opposing this programme to understand its need to bring about a socio-economic improvement in the country, which is very much needed in our present conditions.

[Shri Vayalar Ravi]

With tese words, I conclude my speech.

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister will be called at 5.00 p.m.

**श्री चन्द्रिका प्रसाद** (बलिया) : माननीय सभापति जी, अनुपूरक अनुदान की जो मांगें इस सदन के सामने प्रस्तुत की गई हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं ।

आबादी को कम करने के लिए, जनसंख्या को कम करने के लिए परिवार नियोजन से बढ़िया कोई दूसरा रास्ता नहीं था, इसका हम लोग स्वागत करते हैं, समर्थन करते हैं। फैमिली प्लानिंग के लिए इस में जितना रुपया मांगा गया है, वह बहुत कम है, मेरी दृष्टि में इससे अधिक पैसा इसमें दिया जाना चाहिए। हमारे गरीब, ग्रामीण मजदूर अपना काम छोड़ कर आपरेशन कराने के लिए आते हैं, 7-8 दिन उनका जख्म भरने में लग जाते हैं, इसलिये उनको अधिक पैसा दिये जाने की व्यवस्था होनी चाहिये।

इस सम्बन्ध में मैं यह भी बताना चाहता हूं कि आर० एस० एस० और दूसरी विरोधी पार्टियां, जो इसको विरोध कर रही हैं, उसकी वजह यह है कि हमारी नौकरशाही ने गलत ढंग से हमारी इस योजना को पूरा करने का काम किया है। हमारे यहां बलिया के जो जिलाधीश हैं और दूसरे अधिकारी हैं, वे एक एक दिन मे सौ सौ और डेढ़ डेढ़ सौ आपरेशन्स लोगों का जबरदस्ती करवा देते हैं और इससे लोगों में पैनिक फैल जाती है। इस तरह से हमारे यहां नौकरशाही के खिलाफ वातावरण बना हुआ है कि वे हमारी इस योजना को फेल करना चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि इस चीज की जांच होनी चाहिए और जिन लोगो ने गलती की है उन पर कार्यवाही की जानी चाहिए ।

दूसरी बात यह है कि ग्रामीण मजदूरों और दूसरे लोगों के लिए जो बीस-सूत्री कार्यक्रम है और पांच सूत्री कार्यक्रम है, जो कि राष्ट्रीय कार्यक्रम हैं, उन को भी फेल करने की कोशिश इस नौकरशाही ने की है। हमारे ईस्टर्न यू० पी० में जहां पर वह बीस सूत्री कार्यक्रम था, वह सब कागजों में ही यह रह गया है और जिन लोगों को जमीन दी जानी थी, वह नहीं दी गई है। मेरा कहना है कि इसकी जांच होनी चाहिए कि हम लोग, जो अनुसूचित निधि हैं और जिनको इस कार्यक्रम के इम्पलीमेंटेशन के लिए मीटिंग में बुलाना चाहिए, मीटिंगों में नहीं बुलाया गया है और इस बात का मौका नहीं दिया गया है कि हम इस कार्यक्रम के इम्पलीमेंटेशन मे सहायक हों। यहां पर जो फीगर्स दी जाती हैं वे गलत दी जाती हैं। मैं बताना चाहता हूं कि परिवार नियोजन की जो फीगर्स आई हैं और विशेषकर हमारे जिले की जो फीगर्स हैं, उनको वहां के जिलाधीश ने बढ़ा चढ़ाकर दिया है ताकि वे तरक्की पा सकें। इस तरह से मैं समझता हूं कि और जिलों से और प्रान्तों से भी वहां के अधिकारियों ने फीगर्स को दिया होगा। इसकी छानबीन होनी बहुत आवश्यक है।

मेरा संसदीय क्षेत्र बिहार और यू० पी० दोनों के बार्डर पर है और दोनों स्टेट्स में गंगा और घाघरा रीवर्स हैं। वहां पर अन्तर्राज्य परिवहन की और इन रीवर्स के उपयोग की जैसी व्यवस्था होनी चाहिए वैसी नहीं हो रही है और मैं चाहता हूं कि इन अनुपूरक अनुदानों में उनके लिए कुछ पैसा देने की व्यवस्था आप करें।

इसके अलावा मैं यह कहना चाहता हूं कि गंगा कमीशन जो पटना में बना हुआ है, उसका काम फ्लड्स और वाटर लोगिंग के बारे में और इर्रीगेशन के बारे मे टेकनिकल एडवाइसों देना है। वे अपने ही जिलों में घूम कर राय दे देते हैं और जो टेकनिकल

एडवाइस स्टेट को मिलनी चाहिए, वह नहीं मिलती है। इन अनुपूरक मांगों मे ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि सब स्टेटस को टेकनिकल एडवाइस मिले और उनके लिए मैं चाहूंगा कि मंत्री जी विशेष ध्यान दें।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः इस अनुदान मांगों का समर्थन करता हूं।

**प्रो० एस० एल० सक्सेना** (महाराजगंज): सभापति जी, मेरे हाथ में एक किताब है जिसका नाम है "बर्थ कन्ट्रोल बाई सेल्फ कन्ट्रोल"। महात्मा गांधी ने सन 1928 में इसको लिखा था और इसको पढ़ने के बाद मेरे ऊपर बड़ा असर पड़ा था और उस वक्त मैंने कसम खाई थी कि मैं शादी नहीं करूंगा। इसके दो पैरे ही मैं आपको पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। इसमें लिखा है:

> "The only method of birth control handed down from ages past is self-control or Brahmacharya. It is an infallible sovereign remedy doing good to those who practise it.

Then again he says:

> "Moral indiscipline at once dries up the fountains of the race, and hastens the wear and tear of the adults whom it debilitates both morally and physically."

Sir, this is what Gandhiji said 50 years ago but we have all forgotten it. That is why I have given my cut motion to discuss the anti-national population policy and large scale forcible sterilisations and tubectomies all over the country and stoppage of monthly salaries and other benefits to Government employees, teachers and others for months.

Here I would like to read a letter from the Directorate of Faimly Planning, Delhi Administration giving information about the performance of the family planning programme during the period January to June 1976. These are the number of sterilisations done during the period, religionwise:

| | | |
|---|---|---|
| Hindus | ... 41,128 ... | 91.6 % |
| Muslims | ... 2,046 ... | 4.5 % |
| Sikhs | 1,381 ... | 3.08% |
| Christians | 357 ... | 0.8 % |

I warn the Government that this will create communal problem.

मैं अपने क्षेत्र में परेशान हूं। मैं जहां भी जाता हूं लोग मुझे घेर लेते है और कहते है कि यह क्या हो रहा है, जबर्दस्ती क्यों हो रही है। लोगों में भय छाया हुआ है। वे रात में घरों पर सोते नहीं है। घरों से दूर रहते है। डरते है कि पुलिस न आ जाए और उनको पकड़ कर न ले जाएं। गरीब लोगों को, रिक्शा वालोंको पकड़ कर ले जाते है उनको स्टरिलाइज कर देते है। अजीब वातावरण फैला हुआ है। लोग आज परेशान है। मैंने इस सवाल को इसलिए उठाया है कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने बार बार कहा है कि वह नहीं चाहती है कि किसी के साथ जबर्दस्ती हो। लेकिन हो रही है। बहुत गलत तरीके अपनाये जा रहे है। इससे आपके विभाग की बदनामी हो रही है। आप सभी राज्य सरकारों को आदेश दें कि किसी भी प्रकार की—जोर जबर्दस्ती इस मामले में न की जाए और अगर की जाती है कि सख्त कार्रवाई दोषी व्यक्तियों के खिलाफ करें। मैं दो कालेजों का मैनेजर हूं। मेरे पास भी सकूलर आया था कि हर एक डिग्री कालेज के टीचर्ज का अगर स्टरिलाइजेशन नहीं कर दिया जाता है तो उसको तनख्वाह नहीं दी जाए। यह काम अक्तूबर के महीने में हो जाना चाहिए। यह कम से कम दो तीन लाख आदमियों का सवाल था। क्या इतना ज्यादा काम एक महीने में किया जा सकता है, क्या यह सम्भव है। सब लोग इस तरह से मर जाएंगे। दवा दारू का इन्तजाम नहीं हो पाएगा। यह जो बदनामी का काम किया

[प्रो० एस० एल० सक्सेना]

जा रहा है इसको आप न करें। मैंने तो कह दिया था कि मेरे यहां कोई नहीं करवाएगा। ये जो आपरेशंज किए जा रहे हैं इनसे कई लोगों की मौतें तक हो गई है। बांस गांव में, नवगांव में, सुलतानपुर में, मुजफ्फरनगर में फायरिंग इस चीज को लेकर हुई हैं। मुझे मालूम है कि जो लोग कुंआरे थे उन तक को स्टैरिलाइज कर दिया गया था जिससे गुस्से की लहर दौड़ गई और पुलिस और जनता में उपद्रव हो गया जिसकी वजह से पुलिस ने गोली चलाई। इस तरह की चीज नहीं होनी चाहिये।

यह कहना कि छोटी फैमिली होगी तो लिविंग स्टैंडर्ड ऊंचा हो जाएगा गलत हैं। आप लोगों को काम दें। रूस में क्या होता है? वहां जो माता पिता ज्यादा बच्चे पैदा करते है उनको हीरोइन और हीरो का खिताब दिया जाता हैं। यहां पर हालत यह है कि आप जबर्दस्ती कर रहे है। हमारा मुल्क पापुलेशन के हिसाब से सेकिंड बिगेस्ट दुनिया में देश है। यहां पर इस मामले में जबर्दस्ती नहीं होनी चाहिए। लोग ब्रह्मचर्य का पालन करें यह लोगों को सिखाया जाए। लोग खुद भी फैमिली प्लानिंग करना चाहते है और लिख कर भी देते है लेकिन फिर भी उनके साथ जबर्दस्ती की जाती हैं। यह नहीं होनी चाहिये। अगर लोग ब्रह्मचर्य का पालन करेंगे तो लोगों की तन्दुरुस्ती बढ़ेगी। कांट्रेसैप्टिव्ज का इस्तेमाल और लोगों के साथ जबर्दस्ती करना गलत काम हैं। मैं चाहता हूं यह चीज बन्द होनी चाहिये।

श्री हरि सिंह (खुर्जा) : 144 करोड़ की सप्लीमेंटरी डिमांड्ज जो दस विभागों से सम्बन्धित है उनको यहां रखा गया है और उन पर चर्चा हो रही है। मैं इनका समर्थन करता हूं। देश की आर्थिक अवस्था सुधर गई हैं, बहुत अच्छी हो गई हैं। अल्प बचत योजनाओं में ज्यादा धन एकत्र किया गया है। काले धन को निकाला गया हैं। तस्करों को पकड़ा गया हैं। मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाया गया हैं। इस सब का नतीजा यह निकला हैं कि हमारी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई हैं। देश का धन-दौलत बढा हैं। हर क्षेत्र में हमने इकोनोमी करके दिखाई है। अपनी आमदनी बढ़ाई है। आज देश का खजाना बड़ा भरा हुआ है। विदेशों का जो हम पर कर्ज है विदेशी मुद्रा कमा करके हम ने उसको भी काफी हद तक अपने सिर से उतारा है। श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में जो नीतियां अपनाई गई है उन्हीं का यह फल हैं, उन्हीं का यह नतीजा हैं कि भारत आर्थिक तौर पर अपने पैरों पर खड़ा हुआ है और वह दिन दूर नहीं जब भारत दूसरे देशों से आर्थिक सहायता के लिए कभी अपने हाथ नहीं पसारेगा। यह एक शुभ लक्षण है।

जहां तक परिवार नियोजन का सम्बन्ध है मैं कहना चाहता हूं कि अगर आबादी पर नियंत्रण नहीं रखा गया तो जो बेसिक नीड्ज हम लोगों की पूरी करना चाहते हैं, रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा आदि की व्यवस्था करना चाहते हैं, आर्थिक स्तर लोगों का सुधारना चाहते हैं वह कैसे होगा। आखिर कोई न कोई तरीका अपना कर आबादी तो रोकनी ही होगी। अगर इन्सान आबादी नहीं रोकेगा तो कुदरत उसको रोकेगी। इन्सान तरीके के साथ परिवार नियोजित कर सकता हैं, और अगर प्रकृति के हाथ में छोड़ दिया गया तो देश में कभी न कभी प्रलय होगी और कुदरत आबादी को चैक कर देगी। परिवार नियोजन के कार्यक्रम को देश ने अपना लिया है, थोड़ी बहुत शिकायतें होती हैं, लेकिन धीरे धीरे यह हमारे जीवन का अंग बन जाएगा।

इसमें खेती के लिए जो फर्टिलाइजर पर ज्यादा रुपया खर्च होने का प्रश्न है उसके लिये भी रुपया मांगा गया हैं। आज

देश के अन्दर खाद की कमी नहीं है । खाद बनाने के लिये और कारखाने बनाये जा रहे हैं और अभी तक खाद के लिये जो हम दूसरे देशों पर मुनहसिर रहते थे वह स्थिति अब समाप्त हो गई है, खाद के मामले में हम आत्म-निर्भर हैं । थोड़े दिनों में देश के किसान को हर तरह का फर्टिलाइजर मिलेगा और बाहर से हमें अन्न नहीं मंगाना पड़ेगा । यदि देश के हर किसान को खाद और पानी मिलता रहे तो देश का पश्चिमी हिस्सा पूरे देश की अन्न की समस्या को हल कर सकता है ।

कुछ रुपया बर्न और प्रैथवेट उद्योगों के लिए भी मांगा गया है जिनको हमने अभी हाल ही में नेशनलाइज किया है । इन कारखानों में सुधार करने के लिये रुपया मांगा गया है जिसका मैं समर्थन करता हूं ।

जिन हरिजनों और भूमिहीनों को भूमि दी गई हैं उनके इनपुट्स के लिये भी रुपये की व्यवस्था की गई है, जो कि बहुत ही आवश्यक है । इन सब बातों के लिये मैं प्रस्तुत मांगों का समर्थन करता हूं ।

**श्री नवल किशोर सिंह** (मुजफ्फरपुर): सभापति जी, मैं इन अनुपूरक मांगों का समर्थन करता हूं । परिवार नियोजन की जो आलोचनायें हुई हैं उन्हें भी मैंने ध्यान से सुना है । यह हमारे देश के लिये अत्यन्त आवश्यक आन्दोलन और कार्यक्रम है और जो इसकी आलोचना करते हैं उनसे मैं आग्रह करूंगा कि आलोचना करने के बदले क्रियात्मक रूप से उसमें सहयोग दें । जैसा वह कहते हैं अगर सचमुच इसका समर्थन करते हैं और विरोधी नहीं हैं, तो उनके सहयोग करने से इसमें जो सख्ती है और क्रियान्वयन में जो बुराइयां हैं यह कम हो सकती है । लेकिन किसी भी तरह से यह हमारे देश के लिये आज जीवन-मरण का प्रश्न है इसलिये इसका विरोध नहीं होना चाहिये ।

माननीय उप-मंत्री महोदया जिस परिश्रम और निष्ठा के साथ अपने विभाग का काम सम्हालती हैं, जिसको हम सदन में देखते हैं, उनका ध्यान मैं एक बात की ओर दिलाना चाहता हूं और वह है अल्प अवधि ऋण, जिसका प्रावधान खास कर नई जमीन पाने वाले छोटे किसानों के लिये इन मांगों में किया गया है । इस अल्प अवधि ऋण का जो महत्व है उसका वर्णन करना व्यर्थ है क्योंकि हम सब उसको जानते हैं । मैं सिर्फ एक पैरा डा० हजारे की स्पीच से पढ़ना चाहता हूं जो जुलाई महीने की रिजर्व बैंक की बुलेटिन में निकला है । वे कहते हैं :

"One of the greatest lacunae in the working of the cooperative movement...

..... और अधिकतर कोआपरेटिव मूवमेंट के द्वारा ही अल्प अवधि ऋण का वितरण होता है ।

".......apart from the fact that sometimes it has been more of a philosophy than a way of doing business, in so far as agriculture is concerned, is that the long term wing and the short term wing have very little to do with each other. This has very often meant that long term finance has been given but it has not been accompanied by short term finance, with the same consequences as happen in industry, when you finance the fixed capital, but don't provide the working capital."

सभापति महोदय, अगर आप बैंकिंग कमीशन की सिफारिश संख्या 58 और 72 को देखेंगे, मैं उनको पढ़ना नहीं चाहता, तो उसमें भी इस बात पर जोर दिया गया है कि अल्पावधि के ऋणों के लिए जो सहकारी संस्थाओं के माध्यम से वितरित होते हैं, अधिक ढिलाई होनी चाहिए, उसमें फर्क-

[श्री नवल किशोर सिंह]

सीबिलिटी होनी चाहिये और उसके लिये बड़े पैमाने पर व्यवस्था की जानी चाहिये। हमारे किसान इस प्रयत्न में हैं कि देश में कृषि के उत्पादन को अधिक से अधिक बढ़ाया जाय और वह जोरों से इस पर लग गयें हैं। 1975-76 के लिये लक्ष्यांक 11 करोड़ 40 लाख टन का था और उम्मीद थी कि 11 करोड़ 60 लाख टन पैदा होगा लेकिन वह 11 करोड़ 80 लाख टन हुआ है। यह कृषि विकास के सम्बन्ध में हमारे देश के किसानों की उपलब्धि है।

जहां तक अल्पावधि ऋण का सवाल है उसके बारे में मैं रिजर्व बैंक की एनुअल रिपोर्ट से पढ़ना चाहता हूं। 1974-75 में जहां 489 करोड़ का प्रावधान था वहां 1975-76 में वह 611 करोड़ का प्रावधान रहा अर्थात् 122 करोड़ ज्यादा का प्रावधान था। उसी एनुअल रिपोर्ट में लिखा है कि वह केवल उत्तरप्रदेश के गन्ने के लिये गया है। इसका मतलब यह हुआ कि अल्पावधि ऋणों में हम अधिक पैसे का प्रावधान नहीं कर रहे हैं। यह बड़े अफसोस की बात है, खासकर तब जब कि हम भूमिहीनों और छोटे किसानों की बात सोचते हैं।

जहां तक सहकारी समितियों का सवाल है, उसी रिजर्व बैंक के बुलेटिन से मालूम होता है कि इस साल उनकी वसूली भी अच्छी हुई है। 1975-76 में 212 करोड़ रूपये का बकाया था जो कि अब 146 करोड़ का रह गया है।

जहां तक बाढ़ और सूखा होता है, यह हमारे देश के किसी न किसी भाग में होता रहता है, वहां इस अल्पावधि ऋण से मध्यावधि ऋण में कन्वर्ट करते हैं। इसके साथ ही रिजर्व बैंक का कहना है कि अनावारी सर्टिफिकेट देने में कलैक्टर देर कर देते हैं। अगर यह सर्टिफिकेट उचित समय पर मिल जाए तो कन्वर्शन हो जाय और अल्पावधि ऋण का वितरण अच्छी तरह से समय पर हो सकता है।

एक बात और कहना चहाता हूं। जहां अल्पविधि का ऋण मिलता भी है वहां वह रासायनिक उर्वरक के रूप में मिलता है। चाहे क्षेत्र सिंचित हो या गैर सिंचित हो वह 60 परसेंट रासायनिक खाद और 40 परसेंट नकद के रूप में मिलता है। जो गैर सिंचित क्षेत्र हैं वहां ज्यादातर किसान रासायनिक उर्वरक का उपयोग नहीं करते हैं। अगर गैर सिंचित क्षेत्र में भी हम किसान को मजबूर करेंगे कि वह 60 परसेंट रासायनिक खाद के रूप में ले तो इससे अल्पावधि ऋण में जो किसान को लाभ होना चाहिये वह उसे नहीं मिल सकता है।

अन्त में इन्हीं शब्दो के साथ मैं इन मांगों का समर्थन करता हूं।

SHRI K. SURYANARAYANA: (Eluru): Mr. Chairman, Sir, while supporting the supplementary demands for grants in respect of Central Government, I would like to say that wonderful work is being done by this Department of Revenue and Banking after its separation from the general Finance. Tax collection machinery has been streamlined and effctve steps have been taken to plug leakage in the Revenue to some extent. This Department has also brought the tax offenders in its net. Several raids have been conducted and hidden wealth worth crores of rupees has been unearthed. The Minister incharge of this Department deserves hearty congratulations.

Sir, I want to make one suggestion. At present the Department of Revenue is only publishing the names of the persons 'who caught' but not the names of those 'who were caught'.

The public should know who are caught. Instead of giving the names of the officers who caught—we are not concerned with their names—we should know the names of the people who were caught.

In this connection, I have a small suggestion to make for the consideration of the Minister of Revenue and Banking. There is a lot of controversy going on in the country today regarding the so-called godmen. Challenges and counter-challenges are being made as regards the supernatural powers of these godmen. It is worth noting that some of these godmen have refused to submit themselves to any sort of scientific investigation and declare their assets according to law. There are allegations that these so-called saints and babas have amassed huge wealth and acquired properties worth several crores of rupees. Most of them lead a luxurious life. Recently, the income-tax authorities have unearthed wealth to the extent to Rs. 74 lakhs from the Ahmedabad premises of one Gosaiji Maharaj. Here I quote what has appeared in the *Illustrated Weekly of India* of 31 October 1976:

> "The Income-tax Department discovered wealth not accounted for—jewellery, cash, gold coins and antiquities worth Rs. 74 lakhs—in the Ahmedabad premises of Gosaiji Maharaj (also known as "Vrajraiji Maharaj), head of the Vallabhacharya Vaishnav sect and trustee of the Natwarlal Shamlal Temple..."

All these things have to be investigated.

There is also another godman in our State of Andhra Pradesh. I do not want to name him. He is producing contraband articles. He is not manufacturing them. I do not know how he gets them. Many of these things like watches are marked 'Made in Japan', 'Made in Bombay', but not made in his own place. The Government should look into this also.

DR. HENRY AUSTIN (Ernakulam): It is claimed that by miraculous powers these are made. This should be verified.

SHRI K. SURYANARAYANA: I am not concerned about that. I am concerned about the revenue. Why are you allowing all these things? If he wants to manufacture watches in India, he must take out a licence for it. Otherwise, the reputation of our goods will be damaged.

DR. HENRY AUSTIN: Bangalore University has appointed a Commission to go into this.

SHRI K. SURYANARAYANA: I am not concerned with what the scientists outside do. I am concerned as a member of Parliament which is responsible to the people. I do not know how much is due to Government from these people, what taxes are due, what taxes have been paid. I would suggest to the Minister of Revenue and Banking to take effective action against all these babas and maharajs, bring out their hidden wealth and enrich the exchequer. There is no scope for sentiment in these matters. The law should apply equally to all citizens, whether they are ordinary mortals or the so-called gods or agents of God.

There is one instance. This was about 40 or 45 years ago in my State. You will be surprised to hear about this. He was called Sadhu Bendapudi of Andhra Pradesh. He managed to get married to 8 Kshatriya girls in two districts, West Godavari and East Godavari. He produced children. He promised people that his son would rule the country as Kaliyuga Maharaj. That man died and the victims are in the streets.

These babas and saints also appoint their agents. They trick people and collect money. Scientists, capitalists and others have been duped. I do not know whether income-tax officers are also victims. Some politicians also

[Shri K. Suryanarayana]

have been duped. I am concerned as a Member of Parliament with tax evasion. As a public man, I am concerned about this. Things cannot be produced with tricks I want these things to be investigated from the point of view of safeguarding the interest of review. There is no need for an inquiry committee or a scientific committee. If they want it, that is their lookout.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Tellicherry): Sir, most of the amount—Rs. 49 crores—in these supplementary demands are meant for family planning. It is not that we are opposed to the family planning programme, but the way it has been done in our country is alarming. It creates an explosive situation in our country where the forces of reaction would make use of it for achieving their own end. There is a very interesting article on family planning in Puerto Rico written by a US journalist. He says:

> "More than 35 per cent of Puerto Rican women of child-bearing age have been sterilised—the highest rate of female sterilisation in the world."

Even after sterilisation to that great extent, that country remains poor and backward:

In 1974, while speaking at the World Population Conference at Bucharest, Dr. Karan Singh struck a note of warning on this question of sterilisation and the attitude which was adopted by Puerto Rico. He said:

> "The path of family planning in every country lies through the eradication of poverty, which in fact has historically been the main cause of over-population. The need is to adopt an integrated approach encompassing the entire eco system and covering the main-environment relationship in such a way that every human being born on this planet is assured of the material, intellectual and spiritual inputs necessary for the full flowering of the human personality.... It will be difficult for many countries to accept family limitation as a goal in itself unless it is clearly linked to a more equitable distribution of World resources."

So, he has adopted a correct approach and attitude towards family planning and sterilisation in that conference in 1974. I quoted this only to bring to the notice of the minister one fact. Today after one year of emergency and declaration of the 20 point programme, that has been overshadowed by the so-called 5- point programme and that has been reduced to one point programme of sterilisation. With that, you will not be able to achieve anything. If you want to achieve something and win the confidence of the people, you should eradicate poverty and implement the 20-point programme with a sense of dedication, not just this one-point programme of sterilisation.

There is a demand for the ONGC. In this context, I would like the minister to tell the concerned ministry that the oil prospecting programme in the west coast near Kerala should be given due consideration and priority when you are taking this into consideration.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH (Nandyal): Sir, I am glad the family planning programme has been given great impetus. When some people talk about family planning, I have a doubt whether it is politically motivated. Family planning has become a great success and unless we adhere to it, the country is not going to prosper. As a matter of fact, we have even frozen the delimitation of constituencies till 2001 so as to make family planning a national objective. I know in my constituency or elsewhere there is no compulsion in family planning. Let us not give a political colour to all these

things. We should pursue this programme of family planning, in the national interest.

It has been said that out of 28 million acres, 1.8 million acres have been allotted to the landless poor. Regarding the short term loan, the need for it is estimated to be Rs. 75 crores. In this connection, I would say that because of the moratorium announced by several State governments, private money-lending has completely dried up; and small farmers have to depend entirely on commercial banks and cooperative credit societies. Unless a large provision is made for consumption loans and more amounts pumped into the cooperative credit societies, there will be a great disaster in the country-side. Poor, small and marginal farmers are not getting money from the moneylenders. Nor are the societies able to give credit to them. This situation will have an adverse effect. The Centre should take steps to strengthen the rural credit sector and see that the required amounts are given to them. The quantum of the short-term loan should also be increased. There is a proposal to merge both short-term and long-term loans. This would work against the interests of the farmer and the weaker sections of the people. Let not the Central Government fall a prey to the recommendations of some of the committees of the Reserve Bank. Let both these types of loans be there; and let us provide more funds under both these heads.

**श्री नाथूराम अहिरवार** (टीकमगढ़) : सभापति महोदय, मैं प्रस्तुत अनुदानों की मांगों का समर्थन करते हुए मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन हरिजनों एवम् आदिवासियों को जमीनें मिली हैं उनकों बैंकों से कर्जा नहीं मिल रहा है जिससे कि वे खेती के लिये बैल तथा दूसरी आवश्यकताओं की खरीद कर सकें। वे बैंकों में जाते हैं लेकिन बैंक इस मामले में उदासीन हैं वहां से उनको कोई जवाब नहीं मिलता है। इसलिय मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि बैंकों को ऐसे आदेश दिये जायें कि जो गरीब किसान हैं, छोटे दूकानदार हैं उनको अपना धंधा चलाने के लिय बैंकों से कर्जा दिया जाय ताकि हमारा बीस सूत्री कार्यक्रम सफल हो सके।

दूसरी बात यह है कि परिवार नियोजन के बारे में काफी आलोचना की गई है। यह बात सही भी है कि कहीं कहीं ज्यादती हुई है। जहां तक मेरे अपने क्षेत्र की बात है मैं कह सकता हूं कि मैंने परिवार नियोजन केन्द्रों में भाग लिया और तमाम लोगों से बातचीत की। वहां जो लोग आए उन को सरकार की ओर से जो पैसा दिया वह तो अलग है किन्तु नौ गांव (छतरपुर) कैम्प में ऐसे आदमी तैयार हुए जिनमें से एक व्यक्ति ने प्रत्येक आपरेशन कराने वाले को ग्यारह रुपये दिये। एक आदमी ने डबल रोटी दी और एक फल वाले ने एक दर्जन केले दिये। इस तरह से वहां पर परिवार नियोजन का अच्छा प्रचार हुआ। टीकमगढ़ जिले के निवाड़ी तथा तरीचरकला शिविर पर तो लोग सौ सौ आदमियों के झुंड में बैंड बजाते हुये नसबन्दी कराने गए। लेकिन हमारे पड़ोस में, उत्तर प्रदेश में कुछ ज्यादती हुई है जिस का हमारे यहां भी असर पड़ा है। अब वहां के लोग भी तैयार नहीं होते हैं। मैं समझता हूं अगर सरकारी मशीनरी ठीक काम करे तो यह प्रोग्राम अधिक सफल हो सकता है। अगर सरकारी मशीनरी ठीक से काम नहीं करती है तो जितने भी प्रोग्राम हैं वे सफल नहीं होंगे।

इन शब्दों के साथ मैं अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं।

**डा० कैलास** (बम्बई दक्षिण) : सभापति महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती सुशीला रोहतगी से प्रार्थना करूंगा कि चूंकि स्वास्थ्य मंत्री सदन में नहीं हैं और सारे ही हमारे सभासद परिवार नियोजन पर बोल रहे

[डा० कैलाश]

हैं तो वित्त मंत्री जो कुछ भी यहां पर कहा जा रहा है उसको कृपा कर के वे उन तक पहुंचा दें।

यह प्रधान मंत्री का 20 सूत्री कार्यक्रम नहीं है वह तो-21 सूत्री कार्यक्रम है। 21 वां कार्यक्रम यह है कि सरकारी खर्चे में फिजूल-खर्ची बिलकुल नहीं होनी चाहिए। फ़ैमिली प्लानिंग के लिए टारगेट रखना और संख्या निर्धारित करना बड़ा आवश्यक है। पर श्रीमती सुभद्रा जोशी जी ने कहा टारगेट नहीं रखना चाहिए। पर साथ साथ अधिकारियों द्वारा यह कहना कि यह पूरा नहीं हुआ तो तुम्हे तनख्वाह नहीं मिलेगी या प्रमोशन नहीं मिलेगी यह नहीं होना चाहिए। शायद कहीं कहीं ऐसा हो रहा होगा सारे देश में ऐसा नहीं है। फ़ैमिली प्लानिंग का कार्यक्रम तो बहुत आवश्यक है। इस लिये टारगेट रखना बड़ा जरूरी है। लेकिन 143.99 करोड़ रुपयों की मांग की गई है। पर मैं ऐसा जानता हूं कि शायद इस में से 43 या 44 करोड़ रूपया फिजूल खर्च हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में ऐसे लोग आ गये हैं जो बिना कार्य किये पैसा ले जाते हैं और वही लोग इस कार्यक्रम को बदनाम कर रहे हैं। वे लोग ही ऐसी हरकतें करते हैं कि अन-मैरिड को ले आते हैं बूढ़ों को ले आते हैं। जिस से कि यह कार्यक्रम की बदनामी हो रही है। उन्हे रोकना तथा फिजूलखर्ची को रोकना बड़ा ही आवश्यक हैं। फर्टिलाइजर के सम्बन्ध में जो डिमाण्ड रखी गई है, वह ठीक है। हमें अपने फर्टि-लाइजर के कारखानों की संख्या ज्यादा बढ़ानी है, उन के प्रोडक्शन को बढ़ाना है। लेकिन एक बात जरूर है कि हम ने कारखानों को शुरु करने के लिये जो टारगेट्स रखे हैं उन तारीखों पर प्रोडक्शन अवश्य शुरु हो जाना चाहिये—इस पर हम को पूरा ध्यान देना चाहिये।

यदि हम कृषि और जनसंख्या के टारगेट्स का पूरा ध्यान रखें, फिजूलखर्ची को रोकने की चष्टा करें तो देश में खुशहाली आयेगी। मैं इन पूरक मांगों का समर्थन करता हूं।

**श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा** (नवादा): सभापति महोदय मैं इन अनुपूरक अनुदान की मांगो का समर्थन करते हुए परिवार नियोजन के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं। परिवार नियोजन के खिलाफ जो बातें यहां पर कही गई हैं, मैं समझता हूं राजनीति से प्रेरित होकर ऐसी भावनाओं को प्रकट किया गया है। परिवार नियोजन के कार्यक्रम में सहयोग देने के बजाय उस को पीछे खींचने की चेष्टा की जा रही है, यह देश के लिये घातक है। यदि परिवार नियोजन सफ़ल नहीं होगा, तो देश की सारी योजनायें विफ़ल हो जायेंगी। हम कृषि या किसी भी चीज में उत्पादन बढायें, उस का लाभ जनता तक नहीं पहुंच सकता जब तक जनसंख्या पर रोक न लगाई जाय। परिवार को घटाये बिना देश को समृद्धशाली बनाना असम्भव है। इस लिये मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं—जहां कहीं भी गड़बड़ी की सूचना मिलती है, आप स्वयं वहां जा कर देखें। मैंने जब भी कभी ऐसी सूचना मिली, वहां स्वयं जा कर देखा और पाया कि 100 में से एक या दो शिकायतें सही होती थीं, बाकी शिकायतें केवल प्रचार करने के लिये की गई थीं। यदि हम भी इस तरह के प्रचार में शामिल हो जायेंगे तो परिवार नियोजन विफ़ल हो जायगा, राजनीति से प्रेरित होकर परिवार नियोजन के विरुद्ध प्रचार करना इस देश के लिये नितान्त घातक है। मैं उन सदस्यों से कहूंगा कि आप शिकायतें करने के बजाय, फ़ील्ड में जाकर इस कार्य को बढ़ाने की चेष्टा करें।

एक निवेदन मैं माननीय मंत्री जी से करना चाहता हूं—आप ने अल्पकालीन ऋण का जो प्रबन्ध किया है, वह बहुत कम है। सहकारी

संस्थाओं के माध्यम से जो व्यवस्था की गई है, इस से वे सहकारी संस्थायें सुदृढ नहीं हो सकेंगी। साथ ही साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि राष्ट्रीयकृत बैंकों के द्वारा जो ऋण किसानों को मिलना चाहिये, वह नहीं मिल रहा है, वह ऋण उनको शीघ्र मिले, ऐसी व्यवस्था आप को करनी चाहिये।

SHRI B. V. NAIK (Kanara): So far as family planning is concerned, since we had time to look into it in depth at the village level, I can say that in the area I come from, namely, the State of Karnataka and in my constituency of Karwar it has been going on smoothly. It has been well-organised in those areas where there is response, particularly from the minority community.

Since it is not fair to impose our will in a compulsory way, it would be best that the family planning programme takes up a very simple truism that we preach what we alredy practice. I am not saying that we practise what we preach, but we preach what we are already practising. These are sophisticated methods of family planning, which we can spread among the conservative and minority sections. After all, sterilization and irreversible operations in persons of the reproductive age are not the only methods of family planning. I am saying this in all humility and in all sincerity at my command. Since the Ministers of our country are the leaders of public opinion, they are the leaders of the society as well, it is necessary for the

17.16 hrs.

[SHRI BHAGWAT JHA AZAD *in the Chair*]

Ministers at the Centre and in the States, for each one of these leaders of the public, to come forward not only to get sterilised,— everybody will say that he is sterilised— but to make a declaration that he is practising family planning adopting such and such a method. Because the Ministers have a tremendous amount of appeal to the masses, I would suggest in all humility and earnestness that they must make such a public statement, and it must be made a mandatory duty for them, because we cannot lead people in a direction in which we ourselves do not believe.

I welcome the Demands.

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmednagar): I shall confine myself to Demand Nos. 48 and 72.

I have been hearing all sorts of arguments for and against family planning, mostly for, because I do not think anybody in his senses will say that India must go on increasing its population. As a matter of fact, our propulation increase every year is equal to the entire population of Australia. So, it is a tremendous problem, and we have to face it boldly, and squarely. The whole point, however, is whether we should go about doing it by perverting the whole idea instead of using the methods of education and persuasion. My fear is that we are going more in the direction of perversion, contrary to the culture and traditions of our soil. The common men, the farmers the landless workers, etc., many of whom are illiterate, will, I am sure, shall be amenable to persuasion and reason if you explain to them the importance of a programme. Therefore, let not this programme become a matter of terror, something which is creating a fright; rather, it should provide an opportunity to people who want to practise faimly planning for the betterment of the country.

I find there is a mention about the ONGC being given Rs. 73.29 crores. The whole area of Bombay High is full of potentialities in terms of oil and gas, but unless we have a properly co-ordinated plan with a view to having an industrial complex well laid out, we shall not be able to utilise these resources to the advantage of the entire nation.

The ONGC works in Gujarat, Assam and Kerala. I can understand our going in for merit at the higher levels, and I am not a person who ever thinks

[Shri P. G. Mavalankar]

in terms of this or that State, but I think at the lower levels enough employment opportunities should be provided by ONGC to the local population as well.

**श्री चन्द्रमाल मनी तिवारी** (बलरामपुर) : सभापति महोदय, मंत्री जी ने जो अनुपूरक मांगें रखी हैं, उन का मैं समर्थन करता हूं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इस में आप ने जो प्रावधान किया है धन का, वह मैं समझता हूं कि कम है। इस के साथ-साथ मैं यह भी समझता हूं कि यदि समुचित व्यवस्था हो तो कोई शुबाह नहीं है कि इसी धन से हमारी व्यवस्था ठीक बने रहेगी।

मैं सुझाव ही दे कर समाप्त करना चाहता हूं। हमारे देश में धन का अभाव नहीं है। हमें बेशक दिखाई पड़ता हो कि है लेकिन वास्तव में है नहीं। हमारी जो वितरण प्रणाली है वही खराब है, उसी में दोष है। इसी की वजह से हमें जो खराबियां हैं वे दिखाई पड़ती हैं। चाहे कोई तनख्वाह पाता है और चाहे किसी का धन उद्योग धंधे में लगा हुआ है अगर आप चाहते हैं कि वह काम में आए और उसका अनाप शनाप खर्च न हो और वह पैसा सर्क्युलेशन में आए तो आपको जो धन छिपा कर रख लिया जाता है, जो धन बैंकों और पोस्ट आफ़िसिस में इस वास्ते जमा नहीं करवाया जा सकता है क्योंकि उसकी सुविधा पास में नहीं है, उसकी आपको व्यवस्था करनी होगी। मेरा सुझाव है कि कम से कम छः सात मील के एरिया में एक बैंक की शाखा एक पोस्ट आफ़िस की अवश्य स्थापना होना चाहिये ताकि लोगों का ध्यान इन बैंको की तरफ़ जाए और उनको पता लगे कि इन में पैसा रखने से लाभ होता है और लोग अपने पैसे को डिपाजिट के तौर पर बैंकों और पोस्ट आफ़िसिस में रखें। अगर सभी ट्रांजैक्शंज बैंकों के द्वारा होंगे, पैसे का इस्तेमाल उनके द्वारा होगा तो जो गोलमाल होता है, जो ब्लैक मार्किटिंग होता है, ब्लैकमेलिंग होता है वह नहीं होगा। आप ने ऐसा किया तो आज जो रुपये पैसे के बारे में स्थिति है उस में सुधार होगा और देश का कल्याण होगा।

**वित्त मंत्रालय में उप-मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी)** : आपकी आज्ञा से मान्यवर एक अंग्रेजी की लाइन कोट करना चाहती हूं। दो घंटे के दौरान 24 माननीय सदस्यों के भाषण हुए हैं जोकि बहुत ही ऊंचे स्तर के थे। लेकिन मुझे एक पीड़ा हुई। आपकी आज्ञा से मैं एक लाइन कोट कर दूं :

'Tears, idle tears, I know not what they mean; Tears which from the depth of some divine despair Rise from the heart and brim to the eyes.'

एक से एक अच्छे भाषण हुए हैं लेकिन बच्चे की पीड़ा क्या होती है इसको वही जानता है जिसकी कोख से बच्चा निकलता है, बच्चे की क्या आकांक्षायें होती हैं, बच्चे को कैसे पाला जाता है यह मां ही जानती है। लैक्चर से पेट नहीं भर सकता है और न बच्चे का भविष्य बनाया जा सकता है। मैं किसी खास माननीय सदस्य से यह बात नहीं कह रही हूं। इस मामले में हम सब मौलाना इत्यादि सब की एक राय है। बड़े-बड़े यहां सिद्धान्तवादी भाषण हुए हैं। महात्मा गांधी के दर्शन की बड़े-बड़े लोगों के दर्शन की यहां चर्चा की गई है। आगे अंधकार होता है, अशिक्षा होती है, बीमारी होती है बच्चे के लिए तो उसकी फ़िक्र माता को होती है। भूख से बच्चे को तड़पते हुए मां देखती है तो अगर वह एक दूकान के एक से या एक पाव रोटी उठा कर उसको अपने हाथ से दे देती है तो कोई पाप नहीं करती है। अपने बच्चे के जीवन को बनाने के लिए वह हर प्रकार की कुर्बानी करती है। फ़ैमिली प्लानिंग पर उच्च स्तर के भाषण हुए हैं। लेकिन कुछ लोगो ने उसको एकेडमिक बना

करह रख दिया है। मैं बताना चाहती हूं कि हर ह्यूमन परस वीट में तीन बच्चे संसार में जन्म लेते हैं। पता नहीं उन में से कितने स्वर्गवासी हो जाते हैं। भारत में हर तरह के प्रयास हो रहे हैं। केवल फ़ैमिली प्लानिंग पर ही हमारा जोर नहीं है। न्यूट्रिशन, शिक्षा, वेलफ़ैयर राज्य, अच्छा जीवन स्तर, डैथ रेट कम करने पर भी जोर है और उस प्रयास में हम लगे हुए हैं, क्वांमिविटी बढाने पर लगे हुए हैं। बच्चों को जिन्दा ही नहीं रखना है। आदमी केवल रोटी पर जिन्दा नहीं रहता है। आदमी और जानवर के बीच में अन्तर केवल खाने क ही अन्तर नहीं है। आदमी जैसे-जैसे बड़ा होगा उसको अपने जीवन के लिए मैटीरियलिस्टिक जरूरतों को ही पूरा करना नहीं होता है उसके अलावा भी करने के लिए उसको नौकरी आदि चाहिये होती है, उन की नौकरी उसको करनी होती है, आस पास के लोगों, अपने परिवार के लोगों अलावा जिस समाज में वह रहता है उसके वातावरण को भी उसको स्वस्थ रखना होता है, अच्छी परम्परायें बनानी होती हैं।

सभापति जी, जो डिस्कशन हुआ है मुझे क्षमा आप करें आप अगर एक मां के नाते में यह कहूं कि देश में पचास प्रतिशत महिलाएं हैं, उनके कुछ अधिकार हैं और बीच में यह कह देना कि कौन बैचलर हैं, किस के कुछ नहीं है, यह छोटी चीज है और मां के नाते मैं कहना चाहती हूं कि भारत को जीवित रहना है, कुछ करके दिखाना है तो परिवार नियोजन पर उसको जोर देना ही होगा। कोई बात छिपी हुई नहीं है। जो कुछ हमने करके दिखाया है वह संसार में स्वर्णाक्षिर. अक्षरों में अंकित होगा। बड़ी-बड़ी कान्फ्रेंस. में हम लोग जाते हैं और जो कुछ हमने कर दिखाया है उसकी चर्चा होती है। जैसा इन्दिरा गांधी जी ने दिया है, कांग्रेस ने दिया है, जो जो काम किए हैं उनमें अगर जनता की सामूहिक मदद न होती, पार्टी के लोगों ने जो जाकर शहरों के कोने-कोने में, नुक्कड़-नुक्कड़ में, ब्लाक में, डिस्ट्रिक्ट में, हर जगह कांग्रेस की आइडियोलोजी को आगे ले आने में सहयोग न दिया होता तो यह काम इतनी तेज़ी से आगे नहीं बढ़ सकता था। मैं नहीं कहती हूं कि शत प्रतिशत काम अच्छा हुआ है या जितना होना चाहिये था हो गया है। लेकिन अगर हमें कूदना है जीवन में, रण क्षेत्र में आना है तो जो चुनौती है उसको हमें स्वीकार करना ही पड़ेगा। जहां कहीं अगर कोई गलती हुई है तो उस गलती को पकड़ना होगा और दूर करना होगा और जो कदम आगे बढ़ा दिया है उस को पीछे नहीं लाना है। आज जो नेशनल पौलिसी मानी गई है इस में काफी सफ़लता हुई है। हो सकता है कि कहीं कमियां रह गई हों, लेकिन उन कमियों की वजह से हमें उस पौलिसी को छोड़ना नहीं है, बल्कि उन कमियों को पकड़ कर दूर करना है। अगर हम इस में राजनीति और धर्म का विवाद लायेंगे तो वह देश, बच्चों और भविष्य में होने वाले बच्चों के हितों के खिलाफ़ होगा। आंकड़े तो मैं बहुत सारे दे सकती हूं, लेकिन उन के लिये काफ़ी समय चाहिये। स्टेरेलाइजेशन को ही अगर ले लिया जाए तो जितना लक्ष्य रखा गया था उस का साढे पांच गुना हो चुका है। उस लक्ष्य से हम कहीं आगे बढ़ जायेंगे। लेकिन उस लक्ष्य के साथ शिक्षा का भी लक्ष्य है। अभी किसी भाई ने कहा कि श्रीमती इन्दिरा गांधी का 20 सूत्री कार्यक्रम पिछड़ गया है, और पांच सूत्री कार्यक्रम केवल एक सूत्री कार्यक्रम रह गया है। मेरा कहना है कि यह उन की गलतफ़हमी है। आज हमारी आबादी जिस तेजी से बढ रही है उस को रोकना आवश्यक है, वरना हमारे सभी प्रगति के कार्य पीछे रह जायेंगे।

5 सूत्री कार्यक्रम आखिर क्या है। हरियाली लाना, सफ़ाई लाना, हमारे युवा नेता श्री संजय गांधी कानपुर आये थे, आप आ कर देखिये कि वहां कितना परिवर्तन लाना है। कानपुर में किस तरह से लोग स्लम में रहते हैं उस का वर्णन करना कठिन

[श्रीमती सुशीला रोहतगी]

है। अगर श्री संजय गांधी ने कहा कि स्लम हटा दिये जायेंगे और नई चीजें वहां पर बनेंगी तो उस में क्या गलत बात है।

श्री शिब्बन लाल सक्सेना, महात्मा गांधी जी की बात कह रहे थे। हम में से हर एक तो महात्मा गांधी नहीं बन सकता है, हम लोग तो सीधे सादे गृहस्थ इन्सान है, हम में कमियां हैं और उन कमियों को दूर करने में वक्त लगता है। लेकिन क्या तब तक हम रुक सकते हैं। आज भारत में सारे संसार की 15 फ़ीसदी आबादी है, ाई प्रतिशत हमारे पास जमीन है और ढे प्रतिशत हमारी पर कैपिटा इन्कम है। इन तीनों में कैसे सामन्जस्य लाया जायगा और कैसे हमारे आवश्यक काम पूरे होंगे, यह हमारे लिये एक चुनौती बन कर खड़ा है। पार्लियामेंट के सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय स्तर पर पोपूलेशन कण्ट्रोल को स्वीकार किया है इसलिये परिवार नियोजन को एक राष्ट्रीय पर्व मान कर के हम सब को अपना योग दान देना चाहिये और इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाना चाहिये।

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: I think the Minister is fighting with shadows. Nobody objected to sterilisations; the objection was to the use of force in the name of sterilisation.

श्रीमती सुशीला रोहतगी: फ़ैमिली प्लानिंग का किसी ने विरोध नहीं किया सिवाय माननीय शिब्बन लाल सक्सेना के। सवाल उस को अमल में लाने का है (व्यवधान)

सभापति महोदय: आप सब एक साथ क्यों बोल रहे हैं। आप बैठ जाइए। मन्त्री महोदय स्वयं सशक्त हैं और वह उत्तर दे लेंगी।

श्रीमती सुशीला रोहतगी: इस फ़ैमिली प्लानिंग पर श्री शिब्बन लाल सक्सेना ने विरोध किया था और किसी ने नहीं। प्रधान मन्त्री और स्वास्थ्य मन्त्री ने समय समय पर यह चीज बिलकुल साफ़ कर दी है कि कोई कम्पल्शन और प्रैशर का प्रश्न नहीं उठना चाहिये।

मान्यवर, अगर कभी कोई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, तो उनको राज्य सरकारों को भेजा गया है कि देखो कहां तक सत्य हैं और कहां तक असत्य हैं। अगर उनमें जरा भी सचाई है तो उसको देखना चाहिये सम्भालना चाहिये और भविष्य में ऐसी चीजें नहीं होनी चाहियें। शायद ही कहीं कुछ ऐसा हो। मेरा ख्याल है कि सिद्धान्ततः इस पर दो राय नहीं होनी चाहियें।

इसके अतिरिक्त जो गाइडलाइन्स इश्यू की गयी हैं, मैं चाहुंगी कि वह स्पष्ट रूप से रख दी जायें। वह यह है कि पुरुष की उम्र 50 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिये और 25 साल से कम नहीं होनी चाहिये। यह गाइड लाइन्स हर राज्य को इश्यू की गई हैं। उसमें यह भी है कि वाइफ़ की उम्र 44 साल से ज्यादा और 20 साल से कम नहीं होनी चाहियें और केवल कम-से-कम ो बच्चे होने चाहियें और छोटे बच्चे की उम्र कम-से-कम 2 साल से छोटी नहीं होनी चाहिये। इस तरह की सारी चीजें रखी गई हैं। अभी किसी प्रकार का कुअरजन नहीं हुआ है। महाराष्ट्र सरकार ने अपनी ओर से, अपनी विजडम से इस बारे में लैजिस्लेशन किया है। उसमें भी प्रैजीडेंट का विचार हो रहा है कि क्या करें। इस तरह पर सरकार की तरफ़ से किसी तरह के प्रैशर का सवाल नहीं उठता है। ज्यादातर राज्यों ने इसकी कोशिश की है, कहां क्या क्या पूर्ति हुई है यह देखना है।

सके अतिरिक्त समें 5 और भी कार्यक्रम हैं। समें चाहे सफ़ाई की बात हो, चाहे

वृक्षारोपण हो, दहेज के खिलाफ हो, शिक्षा बढ़ाने के लिये हो इन सारे कार्यक्रमो और 20-सूत्री कार्यक्रम में अन्ततोगत्वा एक ही चीज है और वह यह है कि हमें रहने के साधन उपलब्ध हों, हमारा जीवन-स्तर ऊपर उठे, जीवन में सुख आये, परिश्रम के बाद जीवन ज्यादा सुखी हो सके और अपनी संस्कृति; कल्चर व मर्यादाओं के अनुसार हम अपने जीवन का सुधार कर सकें । यहां आज ज्यादा से ज्यादा समय क्योंकि परिवार नियोजन के सम्बन्ध में लगाया गया, इसलिये मैंने भी इस पर ज्यादा जोर दिया है।

इसके साथ ही साथ मैं अपना ध्यान और चीजों पर भी लगाना चाहती हूं। ओ० एन० जी० सी० के बारे में भी इसमें जोड़ा गया है। अगर हम पीछे के इतिहास में जायें तो देखेंगे कि आज क्या स्थिति है । आर्थिक स्थिति में क्या सुधार हुआ है, देश में कितना एक्सपेंशन हो रहा है। हमारी इण्डस्ट्रीज को एक के बाद एक सुविधाएं दी जा रही हैं। जो इंडस्ट्रीज ठीक नहीं चल रही हैं, उनके मैनेजमेंट को पहले अपने हाथ में लेकर, नई कम्पनीज इन्कारपोरेट कर के जिससे कि हमारे श्रमिकों को भी नुक्सान न हो और हमारे उत्पादन में वृद्धि हो, इन सारी चीजों के लिये सरकार लगी हुई है।

हमारे श्री सोखी जी ने जिक्र किया था कि बर्न कम्पनी में काम करने वालों में कुछ लोगो की उम्र 60 से ऊपर हो गई है, वह बूढे हो गये हैं, उनको क्यों रखा जा रहा है। मैंने इस बारे में पता लगाने का प्रयास किया तो पता लगा कि वे लोग अभी 58 वर्ष से नीचे हैं। तो जो पैमाना उन्होंने लगाया था इस सम्बन्ध में, वह सही नहीं है।

इसके अतिरिक्त हमारे कृषक के लिए जो शार्ट-टर्म इम्पुट्स के लिये 5 करोड़ रुपये रखे गये हैं या फ़र्टिलाइज़र्स के लिये रखे गये हैं, तो यह खुशी की बात है कि फर्टिलाइज़र का दाम कम हुआ है, हमारे राज्यों ने अपना आफ टेक अधिक बढ़ाया है, फर्टिलाइज़र की आवश्यकता काफी बढ़ी है, काफी जमीन सिंचित क्षेत्र में आई है और इसे बराबर बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। मेरा ख्याल है, जैसा हमारे श्री इसहाक संभली ने कहा कि अब लोगों को इसके बाद आपत्ति नहीं है।

लोक-सभा चाहे कल तक या परसों तक बैठे, मैं सदन के सदस्यों से हाथ जोड़ कर यही निवेदन करूंगी कि अगर हम लोग अपने-अपने क्षेत्र में जहां से चुन कर आते हैं, वहां जाते हैं तो हमारे सदस्यों को जनता के बीच में अलग-अलग मीटिंगें कर कर परिवार नियोजन की जरूरत के सम्बन्ध में लोगों को बताना चाहिये। खासकर जो महिला सदस्याएं बैठी हैं, उन्हें अपने क्षेत्र की महिलाओ को इस बारे में बताना चाहिये । इसके पीछे जो हमारा दर्शन है जो फिलासफी है कि हम अपने देश की गरीबी को कैसे हटा सकेंगे, इस पर हम लोगों को अपने क्षेत्र में ध्यान देने की जरूरत है कि इस तरह से सरकार के जितने आर्थिक कार्यक्रम हैं उनमें देश की प्रगति में हम ज्यादा सफल होंगे ।

**श्री शशि भूषण** (दक्षिण दिल्ली) : काफी सदस्यों ने ध्यान दिलाया है कि विजय बैंक में आर० एस० एस० के ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता रखे जा रहे हैं, जो कि एक बैन्ड आर्गेनाइजेशन है । क्या मन्त्री महोदया इस गति का आश्वासन देंगी कि क्या उसकी इन्क्वायरी की जायेगी ?

**श्रीमती सुशीला रोहतगी :** माननीय सदस्य ने जो सूचना दी है, वह सम्बन्धित विभाग को अवश्य पहुंचा दी जायेगी।

सभापति महोदय : मैं कट मोशन संख्या 1 को सदन के मत के लिए रखता हूं।

*Cut Motion No. 1 was put and negatived*

सभापति महोदय : अब मैं कट मोशन संख्या 2, 3, 4, 5, और 6 को सदन के मत के लिए रखता हूं।

*Cut Motions Nos. 2 to 6 were put and negatived*

सभापति महोदय : अब मैं अनुदानों की अनुपूरक मांगों को सदन के मत के लिए रखता हूं। क्षमा कीजिए, मेरे पास हिन्दी रुपान्तर नहीं है।

प्रश्न यह है:

"That the respective Supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March 1977 in respect of the following demands entered in the second column thereof—

Demands Nos. 2, 41, 48, 61, 72, 83, 93, 94 and 96."

*The motion was adopted.*

**17.37 hrs.**

APPROPRIATION (NO. 7) BILL,* 1976

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI): I beg to move for leave to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1976-77.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"That leave be granted to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1976-77"

*The motion was adopted.*

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI: I introduce† the Bill. I beg to move:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1976-77, be taken into consideration"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1976-77, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

सभापति महोदय : अब मैं क्लाजिज को सदन के मत के लिए रखता हूं। प्रश्न यह है:

"कि क्लाज 2 और 3, शिड्यूल क्लाज 1, एनेक्टिंग फार्मूला और टाइटल विधेयक का अंग बनें।"

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, section 2, dated 3-11-1976.

†Moved with the recommendation of the President.